दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
राजस्थान
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak







### 'प्रदेश का मुख्यमंत्री होना चाहिए साधु प्रवृत्ति का'

शो में पधारे सदगुरु ऋतेश्वर जी महाराज ने कहा प्रदेश का जो भी मुख्नंत्री बने वो साधु प्रवृत्ति का हो, साधु यानी जिसने अपने को साध लिया । जो मोहमाया से दूर होकर प्रदेश की सोचे, आमजन की सोचे। तभी वह प्रदेश के विकास के लिए तत्पर रह पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंफ्रास्टक्चर बढता जा रहा है। ये अच्छी बात है, लेकिन प्रकृति का भी ध्यान रखना पडेगा। इसके लिए सभी को पहले अपना नेचर सुधारना पडेगा, उसके बाद वे प्रकृति की रक्षा करें। सरकार को इसके लिए कड़े नियम और कानून बनाने चाहिए। वहीं, उन्होंने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ का उदाहरण देते हुए कहा कि एक प्रदेश के विकास के लिए कानून-व्यवस्था बेहद जरूरी है। यह सही होने के बाद ही हम आगे विकास की बात कर सकते हैं। तनाव मुक्त जीवन होने पर तो हम अपना परिवार भी नहीं चला सकते है, फिर प्रदेश को कैसे चलाया सकता है?

**सच बेधड़क का अनूठा शो:** युवाओं और नेताओं ने रखा 'विजन ऑफ राजस्थान'... दिखाई नई राह

## सबसे बड़े शो में बेबाकी से बोले युवा...

# नई सरकार रखे रोजगार और महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान

**खुले मंच पर डिस्कशन:** कई दिग्गज राजनीतिक और सामाजिक एक्सपर्ट्स, ग्रुप फाउंडर विनायक शर्मा ने दिए युवाओं के सवालों के जबाव

बेधड़क | जयपुर

'सच बेधड़क मीडिया समूह' की ओर से शनिवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव की मतगणना और परिणाम की पूर्व संध्या पर आयोजित मेगा शो 'विजन ऑफ राजस्थान' उस वक्त नई ऊंचाइयां छू गया जब हर पार्टी के नेता को तो मंच पर सम्मानित स्थान और बेबाक बोलने का अवसर दिया ही, ऋतेश्वर महाराज जैसे संत के अध्यात्म से भी वहां उमड़े ऑडियंस को रू-ब-रू करवाया। शो संचालन और समन्वय करने के साथ ही सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए 'सच बेधड़क मीडिया समूह' के एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने शो में मौजूद तमाम लोगों, खासकर युवाओं के दिल तक, अपने खूबसूरत अंदाज से शो का शानदार संदेश पहुंचा सबके लिए इस शाम को यादगार बना दिया।

प्रदेश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर जेएलएन मार्ग स्थित स्मृति वन ओपन थिएटर में आयोजित इस शो में 'विजन ऑफ राजस्थान' पर खुलकर उम्दा मंथन किया गया। वैसे, प्रदेश के राजनीतिक भविष्य का रविवार को पता चल जाएगा। कौन प्रदेश के बागडोर संभालेगा, कौनसी पार्टी सरकार बनाएगी, मतगणना के बाद से सबकुछ जनता के सामने होगा। शो में मौजूद लोगों, खासकर युवाओं ने अपने सपनों के सूबे को लेकर अपने विचार रखे और इसके लिए जरूरी सुझाव भी दिए। वहीं, शो में शिरकत करने वाले दिग्गज पैनलिस्टों से बेबाकी से सवाल-जवाब भी किए गए। चाहे बात युवाओं के भविष्य की हों या महिला सुरक्षा की। शो में आए सभी राजनीतिक दिग्गजों और ऑडियंस ने एक स्वर में नई सरकार से नई सोच और उमंग से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

पैनिलस्ट भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज, कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज व शिखा बराला, भाजपा प्रत्याशी गोपाल शर्मा, रिटायर्ड आईएएस जगरूप सिंह, एमडी चौपदार, अलका गौड़ आदि रहे।



### धर्म व संस्कृति के साथ विकास का समन्वय जरूरी: विनायक शर्मा

दर्शकों ने सच बेधडक के ग्रुप एडिटर विनायक शर्मा से भी प्रदेश के विकास को लेकर कई सवाल पूछे, विनायक शर्मा ने भी युवाओं को बेहद रोचक तरीके से सवालों के जबाव दिए। उन्होंने ये भी कहा कि हमारे राजस्थान अन्न-धन का भरपूर भंडार है, खनिज का भंडार है, पर्यटन स्थल हैं। बस हमें इनहें सहेजने की आवश्यकता है। हमारी धर्म और संस्कृति कैसे सुरक्षित रहे। आगामी सरकार इस बात पर ध्यान दें और प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ इंफ्रास्टक्चर भी मजबूत हो। इसके लिए एक मजबूत विजन के साथ सरकार चलाई जाएं।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से चुनाव जीतेगी: सीएम गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव की मतगणना से ठीक पहले सीएम अशोक गहलोत ने शनिवार रात फिर सत्तारूढ़ कांग्रेस की जीत का विश्वास जताया और कहा कि पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। गहलोत ने शनिवार रात कांग्रेस के 'वार रूम' के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीत रही है, स्पष्ट बहुमत मिलेगा।'' इससे पहले गहलोत, रंधावा व डोटासरा ने पार्टी के उम्मीदवारों से बात की।

### यहां देखें रिजल्ट

1. सच बेधड़क न्यूज चैनल और वेबसाइट
2. चुनाव आयोग का वोटर हेल्पलाइन एप
3. सीईओ राजस्थान वेबसाइट

**प्रदेश का मौसम:** जयपुर सहित 4 संभागों में आज हल्की बारिश संभव


# अकलेरा में 32 मिमी बारिश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में शनिवार को मौसम ने अपना मिजाज बदला। सर्द हवाओं के बीच हुई बारिश ने सर्दी में इजाफा कर दिय। बीते चौबीस घंटे में अकलेरा में सबसे अधिक करीब सवा इंच बारिश हुई।

मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान झालावाड़, बांसवाड़ा, बारां जिलों में कहीं-कहीं बारिश हुई तथा सर्वाधिक वर्षा अकलेरा (झालावाड़) में 32 मिमी. दर्ज की गई। पश्चिमी विक्षोभ परिसंचरण तंत्र के रूप में दक्षिण हरियाणा एवं आसपास के क्षेत्रों में बनने के कारण उदयपुर एवं कोटा संभागों के कुछ भागों में हल्की-मध्यम बारिश हुई। तीन-चार दिसंबर को भी एक और नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी राज्य के कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर एवं भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

वहीं, अधिकांश भागों में आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इधर, जयपुर, सीकर, दौसा समेत उत्तर-पूर्वी राजस्थान के जिले रविवार को भी घने कोहरे की चपेट में रहे। सीकर में कोहरा इतना जबरदस्त रहा कि यहां विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम हो गई।



### आगामी दिनों में मौसम प्राय: शुष्क रहने का अनुमान

### राजधानी में हल्की धूप के बीच छाया रहा कोहरा

### इन जिलों में बादल छाए और बरसे

बांसवाड़ा के जगपुरा में शुक्रवार देर रात 14, बांसवाड़ा शहर में 6, दानपुर में 7 एमएम बरसात दर्ज हुई, जिले के अन्य इलाकों में भी बूंदाबांदी हुई। इसी तरह बारां जिले के छबड़ा में भी 14 और छीपाबड़ौद में 10 एमएम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात झालावाड़ के अकलेरा में 32 एमएम पानी बरसा। अकलेरा के अलावा रायपुर में 31, बाकनी में 16, पिड़ावा में 15 और डग में 12 मिमी बरसात हुई। इन जिलों के अलावा चित्तौड़गढ़ और कोटा जिलों में भी बादल छाए और कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। इधर, जयपुर के ग्रामीण इलाकों में भी कोहरे का साम्राज्य रहा। सीकर, चूरू, झुंझुनूं, अजमेर, दौसा समेत कई इलाकों में जबरदस्त कोहरा छाया रहा। कोहरे, बादल छाने से तापमान में भी इजाफा हुआ। सिरोही के माउंट आबू में शनिवार को न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़कर 7 पर पहुंच गया।

**जयपुर के तिहरे हत्याकांड में 48 घंटे में बड़ी कामयाबी**

# आरोपी शिव प्रताप तोमर गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के मालवीय नगर थाना इलाके की झालाना बस्ती के खटीकों के मोहल्ले में हुए सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड के मामले में शनिवार को पुलिस को तब बड़ी सफलता मिली जब जयपुर ईस्ट पुलिस ने हत्या के आरोपी शिव प्रताप तोमर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ और डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि बीती 29 नवंबर को झालाना के खटीकों का मोहल्ला में एक महिला और उसके दो बच्चों की गोली मारकर व चाकू से गोद कर हत्या करने की वारदात हुई थी।



### ऐसे जाल बिछाकर दबोचा

पुलिस टीमें कई जगह भेजी गई और तकनीकी स्टाफ भी आरोपी को ट्रेस करने में जुटा। इस दौरान आरोपी द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने पर पुलिस टीमों ने लोकेशन पकड़ी भी, लेकिन आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदलता रहा। इस बीच, अचानक पुलिस को आरोपी के पैसा खत्म होने के बाद अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों से मिलने जयपुर आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीमों ने सिंधी कैंप इलाके में सर्च किया और एक ट्रेवल एजेंसी के पास आरोपी को दबोच लिया।

### कचरा फेंकने को लेकर हुआ था विवाद

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी और मृतका के बीच कचरा फेंकने को लेकर विवाद था। इसी बात पर उसने मृतका के पूरे परिवार की हत्या की ठान ली। दो माह पहले एमपी से पिस्टल खरीदी और चाकू इसलिए खरीदा कि ऐन वक्त पर पिस्टल नहीं चली तो चाकू से कत्ल कर देगा। वह सुमन विष्ट के घर में घुसा और उसकी व उसके मासूम बच्चों की हत्या कर दी।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखा आरोपी

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर साक्ष्य जुटाए। एफएसएल टीम से मिली जानकारी के बाद वारदात में चाकू का इस्तेमाल होने के चलते आसपास की दुकानों पर पूछताछ की। पुलिस टीमों ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। इस दौरान पुलिस को एक दुकान पर चाकू लेने आए शिव प्रताप तोमर की तस्वीर मिली। इस पर पुलिस टीमों ने आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला।

**राजस्थान विधानसभा चुनाव**

# 'राज या रिवाज' बदलने की लड़ाई... मतगणना के बाद परिणाम आज

- सुबह 8 बजे मतपत्रों की गणना होगी और 8.30 बजे ईवीएम की मतगणना
- 199 सीटों पर 1862 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला
- मतगणना के ट्रेंड और परिणाम 'सच बेधड़क' चैनल पर लगातार प्रसारित होंगे

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में 199 विधानसभा सीटों पर मतगणना रविवार होगी। इन सीट पर कुल 1,862 उम्मीदवार अपना चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के ट्रेंड और परिणाम 'सच बेधड़क' टीवी चैनल पर लगातार प्रसारित होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 के तहत रविवार सुबह 8 बजे से सभी केंद्रों पर मतपत्र और 8.30 बजे से ईवीएम के जरिए डाले गए मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। बता दें, सियासी गलियारों में इस चुनाव को 'राज' या 'रिवाज' बदलने की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। बीते कुछ दशकों में, परंपरागत रूप से राज्य में हर चुनाव में राज यानी सरकार बदल जाती है... एक बार कांग्रेस-एक बार भाजपा।



### गहलोत की योजनाएं बनाम मोदी का चेहरा!

30 नवंबर को आए चुनाव बाद के पूर्वानुमानों के बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस व बीजेपी, दोनों को सरकार बनाने की उम्मीद है। जहां अधिकांश एग्जिट पोल ने राज्य में भाजपा को बढ़त मिलने की भविष्यवाणी की है, तीन एग्जिट पोल ने कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की है। रविवार को परिणाम से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मतदाताओं ने अशोक गहलोत सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं तथा सात गारंटी के वादे पर भरोसा जताया है या मोदी के चेहरे और भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे ने उन्हें प्रभावित किया।



**इन प्रमुख नेताओं के भाग्य का होगा फैसला:** चुनावी समर में उतरे कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, सीपी जोशी, शांति धारीवाल, बीडी कल्ला, प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, शकुंतला रावत, सचिन पायलट आदि शामिल हैं। वहीं, भाजपा की ओर से वसुंधरा राजे, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनियां तथा सांसद दीया कुमारी, राज्यवर्धन राठौड़, बाबा बालकनाथ व किरोड़ी लाल मीणा मैदान हैं।

### काउंटिंग के सर्वाधिक चरण शिव और सबसे कम अजमेर उत्तर में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि राज्य में जयपुर, जोधपुर और नागौर में दो-दो केंद्रों पर तथा शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी। 51,890 मतदान केंद्रों पर ईवीएम के मतों की गणना के लिए 2,524 टेबल लगाई गई हैं। इनमें कुल 4,245 चरण में मतों की गिनती का कार्य पूरा होगा। शिव विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना सर्वाधिक 41 चरण तक चलेगी, जबकि अजमेर दक्षिण के लिए मतगणना 14 चरण में ही पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। केन्द्रीय पुलिस बलों की 40 कंपनियां ईवीएम की सुरक्षा के लिए और आरएसी की 36 कंपनियां मतगणना केंद्रों पर तैनात रहेंगी।

## जरूरी खबर

### परिणाम से पहले देवताओं की शरण में वसुंधरा राजे



**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में चुनाव परिणाम से ठीक एक दिन पहले शनिवार को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंदिर दर्शन कर जीत का आशीर्वाद मांगा। राजे ने शनिवार को मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर 1008 मोदकों का भोग लगाया। राजे ने प्रथम पूज्य का पुष्प पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद वसुंधरा राजे ने दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा और मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के प्रत्याशी कालीचरण सराफ भी मौजूद रहे।

### मतगणना के मद्देनजर प्रदेश में आज ड्राई डे

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के नतीजें को लेकर रविवार को ड्राई डे घोषित किया है। चुनाव आयोग ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए नतीजें के दिन संपूर्ण राज्य में ड्राई डे घोषित किया है। इस दौरान राजस्थान में रविवार को पूरे दिन तक शराब की ब्रिक्री नहीं होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, मतगणना के दिन शराब की दुकानें बंद हो जाएंगी। इस संबंध में वित्त (आबकारी) विभाग की ओर से जारी आदेश जारी किया गया है।

### भाजपा की बनेगी सरकार, मिलेगा स्पष्ट बहुमत: जोशी



**बेधड़क, जयपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शनिवार को मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि 3 दिसंबर को विधानसभा की मतगणना में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं शामिल हूं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि 135 सीट मिलेंगी और सत्ता में आएंगी। उन्होंने नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 50 से अधिक सीट नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश की पूरी टीम ने सामूहिक रूप से काम किया है। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं का भी आभार प्रकट किया कि वह उन्हीं की मदद से सरकार में आएंगे।

---

**चिकित्सा विभाग ने शुरू की अनुभव प्रमाण पत्रों के पुनर्सत्यापन की कार्रवाई**

# नर्सिंग-पैरामेडिकल में भर्ती की कवायद तेज, जगी उम्मीद

**बेधड़क** | जयपुर

नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती 2023 को पूरा करने को लेकर चिकित्सा विभाग में हलचल तेज हुई है। इस हलचल से अभ्यर्थियों की नौकरी की उम्मीदें फिर से जगी है। चिकित्सा विभाग ने सीएमएचओ से अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पुनर्सत्यापन करवाने की कार्यवाही शुरु हुई।

वहीं सीएमएचओ की ओर से भी आगे कार्रवाई बढ़ाते हुए बीसीएमओ, चिकित्सा संस्थान प्रभारियों, जिला एनआरएचएम प्रबंधन आदि को पत्र लिखकर अनुभव प्रमाण की पुनर्सत्यापन की फाईल भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद यह फाईल 10 दिसंबर तक सीएमएचओ को सीफू के पास पहुंचानी है। क्योंकि 31 जनवरी तक इन भर्तियों के संबंध में कोर्ट में दायर याचिकाओं का जवाब सीफू को देना है। इसके बाद ही भर्तियों का परिणाम जारी किया सकेगा। गौरतलब है कि इन भर्तियों में हो रही लेट लतीफी को लेकर सच बेधड़क अखबार ने प्रमुखता से खबरें प्रकाशित कर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया था। इसके बाद इस मामले में अब कार्रवाई शुरू हुई। उम्मीद जताई जा रही है कि सब कुछ सही रहा था तो जनवरी बाद अभ्यर्थयों को मिलने वाली नौकरी का सपना पूरा हो सकता है।


सच बेधड़क
भर्ती एजेंसी सिफू पर अभ्यर्थी उठा रहे हैं सवाल
फंसा पेच: नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती में देरी होने से टूट रहे अभ्यर्थियों के सपने

### जयपुर सीएमएचओ प्रथम ने मांगी जानकारी

अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्रों के पुनर्सत्यापन के संबंध में सीफू को भेजी जाने वाली जानकारी के लिए जयपुर सीएमएचओ प्रथम डा. विजय सिंह फौजदार ने निचले स्तर बीसीएमओ व चिकित्सा संस्थानों आदि को पत्र जारी किया है। पत्र में लिखा है कि उप शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-3) विभाग के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती 2023 के पूर्व में जारी अनुभव प्रमाण पत्रों का पुनर्सत्यापन संबंधी 22 नवंबर के पत्र के संबंध में जानकारी सीफू को भेजी जानी है। इसके लिए पुर्नसत्यापन संलग्न प्रपत्र 02 प्रतियों (02फाइलों सहित) में सम्पूर्ण कॉलम की पूर्ति करते हुए प्रमाणित कर एवं पूर्व में उनके द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित 05 दिसंबर तक समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों यथा-अनुबंध, उपस्थिति विवरण वेतन बिल पीएफ कटौति, व्यवसायिक योग्यता प्रमाण पत्र, नवीनतम रजिस्ट्रेशन सहित अनुभव प्रमाण पत्र संबंधी रिकॉर्ड, डिस्पेच रजिस्टर, अभ्यर्थी द्वारा किये गये कार्य का रिकॉर्ड इत्यादि सहित अलग-अलग पदवार संबंधित लिपिक द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चत करावे। बता दें कि उप शासन सचिव और सीफू निदेशक की ओर से 22 नवंबर को पत्र जारी करते हुए इस भर्ती को पूरा कराने को लेकर सीएमएचओ पत्र जारी किया था।

### इतने है इस भर्ती में पद

| पद | संख्या |
|---|---|
| नर्सिंग ऑफिसर- | 8750 |
| एएनएम- | 4847 |
| फार्मासिस्ट- | 3067 |
| लैब टेक्नीशियन - | 2190 |
| असिस्टेंट रेडियोग्राफर- | 1178 |
| ईसीजी टेक्नीशियन- | 246 |
| डेंटल टेक्नीशियन- | 151 |
| नेत्र सहायक- | 117 |

**भर्ती जल्द हो तो चिकित्सा तंत्र को मिले मजबूती**

करीब 40 हजार पदों की इन भर्तियों को समय पर पूरा किया जाता तो अस्पताल में खाली पड़े पदों को भरा जा सकेगा। इससे चिकित्सा तंत्र को मजबूती मिल सकेगी। अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिकित्सा सुविधा मिलने में आसानी होगी। पद भरने से चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को भर्ती के दौरान सार संभाल करने वाले चिकित्सा कर्मी मिल सकेंगे। निचले स्तर पर सुविधाएं मिलने पर उन्हें चिकित्सा सुविधा के लिए बड़े शहर नहीं आना पड़ेगा। वहीं अभ्यर्थियों को नौकरी मिलने पर रोजगार मिलने का सपना पूरा हो सकेगा।

---

**राजस्थान और कॉमर्स कॉलेज में की जाएगी मतगणना**

# जयपुर जिले की 19 सीटों के मतों की गिनती 8 बजे शुरू

- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सबसे पहले पोस्टल बैलेट खुलेंगे
- देर रात तक तैयारियों में जुटा रहा निर्वाचन विभाग

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में कैद हुए प्रत्याशियों का किस्मत का फैसला रविवार को सामने आ जाएगा। सुबह 8 बजे राजधानी के कॉमर्स कॉलेज और राजस्थान कॉलेज में होने वाले मतगणना में ईवीएम अपना पिटारा खोल देगी। इसके बाद प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला सबके सामने आ जाएगा। यह मतगणना में 383 राउंड में पूरी की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया- मतगणना के लिए दोनों कॉलेजों में 332 टेबल लगाई गई हैं। इसमें 236 टेबलों पर ईवीएम में आए वोटों की काउंटिंग होगी, जबकि 96 टेबलों पर पोस्टल बैलेट की काउंटिंग करवाई जाएगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना शुरू होगी। पोस्टल बैलेट की मतगणना के आधे घंटे पश्चात 8.30 बजे ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी।

विधानसभा के पोस्टल बैलेट की मतगणना समाप्त होते ही अभ्यर्थी वार डाक मतपत्रों के परिणाम की घोषणा की जाएगी। काउंटिंग को लेकर शनिवार देर रात मतदान से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। प्रत्येक राउंड पूरा होने पर नियमानुसार उस राउंड के परिणाम की घोषणा की जाएगी तथा दूसरे राउंड की गिनती प्रारंभ होगी। मीडिया को भी इसकी जानकारी मीडिया सेन्टर में दी जाएगी।

### मतगणना के लिए यह रहेगी व्यवस्था

| 383 | 332 | 236 | 96 |
|---|---|---|---|
| राउंड में पूरी होगी काउंटिंग | टेबल लगाई विभाग ने | टेबलों पर EVM के वोटों की गिनती | मेज पर पोस्टल बैलेट की गिनती |



**कॉमर्स कॉलेज में 10 सीटों की मतगणना**

- चौमूं, फुलेरा, चाकसू, किशनपोल, विद्याधर नगर, आमेर, विराटनगर, जमवारागढ़, बस्सी एवं शाहपुरा

**राजस्थान कॉलेज में 9 सीटों की काउंटिंग**

- झोटवाड़ा, बगरू, दूदू, सांगानेर, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल एवं कोटपूतली

**कानून व्यवस्था पर रहेगी पुलिस की नजर**

परिणाम जारी होने के बाद किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसको लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की पुख्ता नजर रहेगी। किसी अफवाहों को प्रभावहीन करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान पर निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने प्रेस वार्ता में मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना हॉल के बाहर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी और किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति के कमरे में प्रवेश करने या छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्र स्थल में प्रवेश करने के लिए वैध प्राधिकार पत्र होने के बाद भी यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में उचित संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकता है। आरओ पूर्ण व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित रखते हुए गिनती व्यवस्थित तरीके से करवाना सुनिश्चित करेंगे। मतगणना केंद्र के अंदर आयोग के पर्यवेक्षकों और काउंटिंग डेटा प्रसारित करने के आधिकारिक उपयोग के लिए आवश्यक उपकरणों के अतिरिक्त किसी भी मोबाइल फोन, आई-पैड, लैपटॉप अथवा किसी भी ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरण की अनुमति नहीं होगी।

### मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिकृत मीडियाकर्मियों के लिए मतगणना केन्द्र पर एक पृथक कक्ष में मीडिया सेन्टर बनाया गया है। जहां पर टेलीफोन, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मतगणना स्थल पर मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम से अवगत कराने के लिए मीडिया सेंटर में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन ट्रेंड-टीवी के माध्यम से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई है। इससे मीडियाकर्मियों को एक ही स्थान पर राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम उपलब्ध होंगे।

### तीसरी आंख की रहेगी नजर

पूरी मतगणना प्रक्रिया पर तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे व वीडियोग्राफी की नजर रहेगी। सभी सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक और मतगणना पश्चात वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक लाने-ले जाने की कार्रवाई की निर्बाध सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित की जाएगी। इस अवधि की सीसीटीवी कवरेज उम्मीदवार अथवा उनके एजेंट मतगणना हॉल में टीवी/मॉनिटर पर देख सकेंगे।

### सबसे पहले सिविल लाइंस का रिजल्ट

जयपुर की प्रत्येक सीट की मतगणना 18 से लेकर 23 राउंड में पूरी की जाएगी। सिविल लाइंस विधानसभा में 12 टेबल लगाई गई हैं। जहां 209 बूथों की काउंटिंग 18 राउंड में पूरी होगी। संभावना है कि सबसे पहले रिजल्ट इसी विधानसभा क्षेत्र का घोषित होगा। इसके बाद किशनपोल, मालवीय नगर, दूदू, आदर्श नगर सीटों का रिजल्ट आने की संभावना है, क्योंकि यहां 19-19 राउंड में काउंटिंग खत्म हो जाएगी। दूदू में सदस्य कम होने के कारण इसका रिजल्ट जल्दी आने की संभावना है। वहीं झोटवाड़ा विधानसभा में 360 बूथों की काउंटिंग 23 राउंड में 16 टेबलों पर होगी। राउंड ज्यादा होने के कारण परिणाम देरी से आएगा।

---

**दो दिन हल्की बारिश की संभावना**

# बादलों की लुकाछिपी, 0.5 डिग्री चढ़ा पारा



**बेधड़क** | बीकानेर

राजधानी में शनिवार को बादलों की लुकाछिपी के साथ कोहरे का असर देखने को मिला। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। अलसुबह घने कोहरे के कारण कम बिजिविलीटी का असर रहा। हालांकि हवाओं के नही चलने के कारण लोगों को सर्दी का अहसास कम हुआ। मौसम विभाग के अनुसार 3-4 दिसंबर को एक और नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। शनिवार को जयपुर का न्यूनतम 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 16.1 पर पहुंच गया। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में मौसम साफ होने के साथ ही सर्दी जोर पकड़ेगी। दोपहर बाद शहर के जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर, जगतपुरा, सांगानेर, परकोटा इलाका, वैशाली नगर, झोटवाड़ा, आमेर, सिरसी रोड, सोडाला व सीकर रोड पर कोहर छा जाने से कम बिजिविलीटी रही। वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सर्दी से मिली राहत

शनिवार को शहर के न्यूनतम तापमान में शुक्रवार के मुकाबले हुई बढ़ोतरी से लोगों को सर्दी से राहत मिली। शुक्रवार को जयपुर में पारा 15.8 दर्ज किया था जो शनिवार को बढ़कर 16.1 पर आ गया। हालांकि दोपहर बाद चली हल्की मध्यम हवाओं ने लोगों की ठिठूरन बढ़ाई।

---

**पार्टी उम्मीदवार वीसी के माध्यम से जुड़े**

# कांग्रेस वॉर रूम में देर रात तक चला मंथन




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की मतगणना ठीक पहले शनिवार देर शाम कांग्रेस वॉर रूम में मंथन किया गया।

शनिवार देर रात वॉर रूम में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने वीसी के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ परिणाम को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को मतगणना के बाद परिणामों की परिस्थितियों को लेकर चर्चा की। वहीं मंथन में वीसी के माध्यम से 199 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस प्रत्याशी भी जुड़े। जानकार सूत्रों की माने तो कांग्रेस ने परिणाम से पहले प्रत्याशियों को एक्टिव रहने का सन्देश दिया है। वहीं बाड़ेबंदी को लेकर भी वीसी के माध्यम से चर्चा की गई।

वहीं वार रूम में वीसी से पहले प्रभारी रंधावा और पीसीसी चीफ डोटासरा ने एक होटल में बैठक कर चर्चा की थी। ऐसे में जानकर सूत्रों के अनुसार कांग्रेस आलाकमान प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी को लेकर गहन चर्चा की गई।

---

**डाइट के व्याख्याता और वरिष्ठ व्याख्याता को सौंपी कमान**

# प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारेंगे मेंटर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम सुधारने को लेकर शिक्षा विभाग ने व्याख्याता और वरिष्ठ व्याख्याता को कमान सौपीं है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 125 स्कूलों में 125 मेंटर नियुक्त कर बोर्ड कक्षाएं 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम सुधारने की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब हैं कि सत्र 2022-23 में कई सेकंडरी और सीनियर सेकंडरी स्कूलों में बोर्ड कक्षाओं के तय मापदंड के अनुसार परीक्षा परिणाम प्राप्त नहीं हुए थे। ऐसे में अब राज्य की सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम अब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के व्याख्याता और वरिष्ठ व्याख्याता सुधारेंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने बीकानेर सहित राज्य के 26 डाइट के 125 व्याख्याता को परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए स्कूल आवंटित किए गए हैं। प्रत्येक डाइट फैकल्टी को आवंटित स्कूल में महीने में कम से कम एक बार निरीक्षण करना होगा।



### अध्यापकों का करेंगे मार्गदर्शन

नियुक्त किए गए मेंटर स्कूल के संस्था प्रधान और बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को अध्यापन करवाने वाले सभी अध्यापकों से निरंतर संपर्क में रहेंगे और परिणाम को बेहतर करने के लिए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। वहीं पिछले सालों में बोर्ड परीक्षा परिणाम कम रहने के कारण की भी जांच की जाएगी। परिणाम को सुधारने के लिए भी डाइट व्याख्याता को प्रयास करने होंगे। डाइट व्याख्याता का यह दायित्व होगा कि इन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले साल से बेहतर कर विभागीय मापदंडों के अनुरूप कराया जाए। दरअसल, मूलत डाइट का कार्य कक्षा 1 से आठवीं तक का रहता है, लेकिन शिक्षा विभाग अब 10वीं और 12वीं का रिजल्ट सुधारने में डाइट व्याख्याताओं का सहयोग लेगा।

### यह है परिणामों का मापदंड

राज्य के शिक्षा विभाग ने न्यून परीक्षा परिणाम को लेकर मापदंड निर्धारित कर रखा है। इसमें व्याख्याताओं के लिए बारहवीं कक्षा में विषय का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत या उससे न्यून होने पर और 10वीं कक्षा का विषय परिणाम 60 प्रतिशत या उससे न्यून होन पर ही कारण बताओं नोटिस जारी किया जाता है। जबकि संस्था प्रधान के लिए का कक्षा 10वीं का परिणाम 50 प्रतिशत या उससे न्यून रहने पर और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत या उससे कम रहने पर नोटिस जारी किया जाता है।

### यहां सबसे ज्यादा नियुक्ति

प्रदेश के करीब 15 हजार से अधिक स्कूलों में केलव 125 स्कूलों में ही मेंटर नियुक्त किये गया है। ऐसे जानकारी अनुसार बाकी बची भी स्कूलों में भी मंत्र नियुक्त किये जा सकते हैं। इस सूची में सवाई माधोपुर जिले की 6 स्कूल शामिल है जिनमें दो गंगापुर सिटी में है। गंगापुर सिटी नया जिला बना है लेकिन अभी तक डाइट अलग नहीं बनी है। जयपुर जिले की चार स्कूल व सबसे अधिक 19 स्कूल उदयपुर के है।

“ शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के जिन सरकारी स्कूलों का बोर्ड परीक्षा परिणाम निर्धारित मापदंड से कम रहा है। उन सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए शिक्षा विभाग ने डाइट व्याख्याताओ को मेंटर फैकल्टी के रूप में नियुक्त किया है। इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे। शिक्षा विभाग का ये नवाचार अच्छा कदम है।

**मोहर सिंह सलावद, प्रदेश अध्यक्ष, शिक्षक संघ रेस्टा**



## राजस्थान का सबसे बड़ा पॉलिटिकल शो: एक मंच पर सबसे बड़ी राजनीतिक चर्चा

# मेगा शो में प्रदेश के विकास पर फोकस

### प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों, राजनीतिक विशेषज्ञों और आमजन ने की शिरकत

विजन ऑफ राजस्थान

**बेधड़क.जयपुर।** पिंकसिटी में 'सच बेधड़क मीडिया ग्रुप' की ओर से शनिवार को जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित गार्डन थिएटर में राजस्थान का सबसे बड़ा पॉलिटिकल शो का आयोजन किया गया। विजन ऑफ राजस्थान पॉलिटिकल शो में 'सच बेधड़क मीडिया ग्रुप' के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा के अलावा राजस्थान की प्रमुख पार्टियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों, राजनीतिक विशेषज्ञों और आमजन ने शिरकत की। शो में एक और जहां प्रदेश की ऑडियंस सवाल कर रही थी, वहीं दूसरी ओर मंच पर पैनलिस्ट के रूप में बैठे जनप्रतिनिधि सवालों के जवाब दे रहे थे। जेएलएन मार्ग पर स्मृति वन के ओपन थियेटर में आयोजित विजन ऑफ राजस्थान शो में लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी। वहीं ग्रुप फाउंडर विनायक शर्मा ने पैनलिस्ट में आए सभी जनप्रतिनिधियों और सोशलिस्ट से प्रदेश के विजन को लेकर उनकी राय जानी, साथ ही विनायक शर्मा ने दर्शकों के सवालों के जवाब दिए।



### महिला सुरक्षा पर दिया जाए ध्यान

भाजपा प्रवक्ता निमिषा गौड़ ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में महिला सेफ नहीं है। सबसे ज्यादा दिक्कत कामकाजी महिलाओं को आ रही है। वहीं चौमूं विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिखा मील बराला ने कहा कि दोनों की पार्टियों को बिना किसी भेदभाव के महिला सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए। इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### शिक्षा प्रणाली ICU में, सुधार की जरूरत



रिटायर्ड आईएएस जगरूप सिंह यादव ने कहा कि हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं को बेरोजगार बना रही है। वर्तमान में जो युवाओं को पढ़ाया-सिखाया जा रहा है। वो कोई काम का नहीं है। हमारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाना होगा। एक युवा के सवाल पर पूर्व जयपुर कलेक्टर जगरूप सिंह यादव ने कहा कि चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में आए, प्रदेश में मुफ्तखोरी बंद होनी चाहिए। इससे हमारा प्रदेश आत्मनिर्भर नहीं बन रहा है, बल्कि वो बीमारू प्रदेश बन जाएगा।



### पेपर माफियाओं पर चलेगा बुलडोजर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं में कांग्रेस सरकार के प्रति आक्रोश है। कांग्रेस ने युवाओं के सपने तोड़े हैं। भाजपा की सरकार बनते ही इन पेपर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बुलडोजर भी चलाया जाएगा। बीजेपी लोकतंत्र में विश्वास रखती है। पार्टी नेतृत्व मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करेगी। जो भी चेहरा होगा, वो ईमानदार और प्रदेश को खुशहाल रखने वाला होगा।





विजन ऑफ राजस्थान कार्यक्रम के दौरान सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा, मैनेजिंग एडिटर, सुधांशु माथुर टीम के साथ।

### गरीब हित में कांग्रेस की योजनाएं: भारद्वाज



कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा कि गहलोत सरकार ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोल दिए, जिससे गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ले सके। चिरंजीवी योजना से 25 लाख तक का निशुल्क इलाज हो रहा है। सब जगह कांग्रेस की योजनाओं की तारीफ हो रही है। भाजपा के पास प्रदेश के विकास को लेकर कोई रोड मेप नहीं है। वो सिर्फ धर्म की राजनीति करती है।

### राजस्थान पांच साल में बना रेपिस्तान: गोपाल शर्मा



भाजपा प्रत्याशी गोपाल शर्मा ने कहा कि पिछले पांच साल में जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार हुए, राजस्थान से रेपिस्तान बन गया। आगामी सरकार को सबसे पहले महिला सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। मजबूत कदम उठाना होगा। वहीं शो में युवाओं ने रोजगार और पेपर लीक जैसे मुद्दे भी उठाते हुए कहा कि नई सरकार को युवाओं के भविष्य के लिए सोचना चाहिए। आरपीएससी में चेयरमैन और सदस्य राजनीतिक नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। साथ ही, कोई भी नीति बने, वो विशेषज्ञों की राय के बाद बने।

### स्टूडेंट ने उठाई प्रकृति सुरक्षा की आवाज





शो के दौरान पेपरलीक का मुद्दा प्रमुखता से युवाओं ने उठाया। इसके साथ ही महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी बेबाक टिप्पणी की। इस दौरान पत्रकारिता की स्टूडेंट ने प्रकृति सुरक्षा की आवाज भी उठाई।

## जरूरी खबर

### अयोध्या से लाए पीले अक्षत पात्रों की निकाली शोभायात्रा




**सीकर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा। इसके लिए आरएसएस और वीएचपी सहित अनेक हिंदू संगठनों ने पीले चावल बांटने की योजना तैयार की है। वीएचपी के सीकर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मूंडरू ने बताया कि अक्षत जयपुर से सीकर के रामलीला मैदान में लाए गए हैं। गाजे-बाजे के साथ अक्षत पात्रों को रथ में रखकर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए अक्षत को रघुनाथजी मंदिर में रखवाया गया। जानकारी के अनुसार दो लाख लोगों को आयोध्या आने का न्योता दिया जाएगा। इसके लिए संगठनों ने कार्ययोजना तैयार कर ली है।

### परिणाम से पहले यादव ने मंदिर में लगाई धोक

**कोटपूतली।** जिले में विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार को होगी। शनिवार को मतगणना स्थल आने से पहले कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र सिंह यादव मन्दिर में धोक लगाई। वे जयपुर रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ अपने निवास के पास स्थित मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इस दौरान यादव अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। उनके कार्यकर्ताओं में भी उत्साह नजर आया। पूजा-अर्चना के बाद राजेन्द्र सिंह यादव जयपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में नारे लगाए और जीत का उल्लास दिखाया।

### बेटे को बचाने पिता नहर में कूदा, बेटे की मौत



**कोटा।** जिले के उद्योग नगर इलाके में शुक्रवार रात एक पिता-पुत्र की नहर में डूबने से मौत हो गई। यहां घूमते समय पैर फिसलने से इंदिरा गांधी नगर निवासी मनोज महावर (30) नहर में गिर गया। उसे बचाने के लिए पिता हेमराज उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। लोगों ने समय रहते पिता को बाहर निकाल लिया, लेकिन युवक का पता नहीं चला। बाद में गोताखोर मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला।

---

**प्रदेश के 65 हजार राजकीय विद्यालयों में मनाया 'लाइब्रेरी डे', स्कूल शिक्षा विभाग ने की पहल...**

# समृद्ध साहित्य से पढ़ने की आदत विकसित करने का आह्वान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा विभाग निरंतर प्रयासरत रहता है। विभाग के विभिन्न नवाचार एवं अभिनव पहल शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं।

इस कड़ी में विभाग ने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को लाइब्रेरी से लाभान्वित करने के लिए अभिनव पहल की है। शनिवार को नो बैग डे के अवसर पर प्रदेश के समस्त राजकीय विद्यालयों में लाइब्रेरी डे का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल के तहत प्रदेश के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित पुस्तकालयों का शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित डाइट के प्रधानाचार्य और फैकल्टी द्वारा गहन निरीक्षण भी किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को विद्यालयों में लाइब्रेरी का कालांश लगाए जाने, लाइब्रेरी कक्ष में विद्यार्थियों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पुस्तकों के अनुपात में पर्याप्त अलमारी या रैक की उपलब्धता, बुक्स के व्यवस्थित प्रदर्शन, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर, विद्यार्थी पुस्तकालय परिषद के गठन, पुस्तकालय प्रबंधन समिति, पुस्तकों की संख्या तथा वहां पर नियमित आने वाले पत्र-पत्रिकाओं की स्थिति आदि के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।




### प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे लाइब्रेरी के नाम हो

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शासन सचिव के निर्देशानुसार संस्था प्रधानों को प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 2 घंटे का समय लाइब्रेरी को समर्पित करने एवं लाइब्रेरी की पुस्तकों के रूप में समृद्ध साहित्य से अधिकतम विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होने संस्था प्रधानों को विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि विकसित किया जाने तथा पुस्तकों के क्रय के लिए विभाग द्वारा दिए जा रहे फंड का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर शासन सचिव ने प्रदेश के समस्त संस्थाप्रधानों को इस मुहिम का हिस्सा बनने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

### इस पहल से आएगा बदलाव

शासन सचिव जैन ने कहा कि यह विशेष पहल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाएगी जो लाइब्रेरी के सुव्यवस्थित एवं कुशल संचालन में अहम साबित होगी।आप सभी स्वयं के स्तर पर ऐसे सकारात्मक कदम उठाते हुए अपने विद्यालय में बदलाव लाइए ताकि लाइब्रेरी डे मनाने की आवश्यकता ही न पड़ें।विभाग की इस अभिनव पहल में प्रदेशभर के 65,471 राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा लगभग 16 लाख 65 हज़ार पुस्तकें इश्यू कराई गईं। लाइब्रेरी डे के अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों में जागरूकता लाने के लिए लगभग 63 हजार सेशंस लिए गए तथा विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के महत्व को रेखांकित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

---

**प्रदेश के दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया दावा**

# पांचों राज्यों में जीत रही भाजपा डबल इंजन की बनेगी सरकार

**बेधड़क** | अजमेर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को अजमेर में मेयो बॉयज कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में यहां खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

केन्द्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि पांचों राज्यों में भाजपा की सरकार बनेगी। ठाकुर ने कहा कि इन पांच राज्यों में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंकी और अब नतीजे भी दिखाएंगे कि बीजेपी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि पांचों राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि देश के विकास में इन राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीजेपी विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है, उसमें भी इन पांचों राज्यों का योगदान होगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह राजस्थान में विगत 5 वर्षों में अराजकता, भ्रष्टाचार और अपराध देखने को मिला। कांग्रेस सरकार के अंदर आपसी लड़ाई देखने को मिली। लोग इससे तंग आ चुके थे, इसलिए चुनाव में भाजपा के समर्थन में दिल खोलकर वोट किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पांच साल में अराजकता का माहौल रहा। पेपर लीक से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। महिला अपराधों में भी राजस्थान ने अव्वल स्थान हासिल किया। आए दिन महिला अपराध से प्रदेश की बहन-बेटियों के मन में डर का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सरकार पांच साल तक अपनी कुर्सी बचाने में लगी रही। आपसी खींचतान के बीच प्रदेश के विकास को रोक दिया गया। वहीं किसानों के साथ ही सरकार ने धोखा किया है। उन्होंने कहा कि रविवार को चुनावी नतीजे आएंगे तो राजस्थान में भी जीत बीजेपी की होगी।



**खेल प्रशिक्षण को और बेहतर बनाने पर हो रहा काम**

पुरस्कार वितरण समारोह में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मेयो कॉलेज के बीकानेर पवेलियन में छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर विद्यार्थियों से बातचीत की। वहीं वर्ल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के संबंध में विद्यार्थियों से बात करते हुए उनके प्रश्नों के जवाब भी दिए। विभिन्न खेलों के कोच को और अिधक प्रशिक्षित करने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इसके लिए खेल विभाग जल्द ही एक तरह का पाठ्यक्रम लेकर आएगा। उसके माध्यम से विभिन्न खेलों के कोच अपनी जानकारियों को अपडेट कर पाएंगे।

### हर खेल की एप्लीकेशन बनेगी

विद्यार्थियों से बातचीत में उन्होंने बताया कि खेल और खिलाड़ी की तरक्की के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब हर खेल की एप्लीकेशन बनाने की तैयारी की जा रही है। क्रिकेट के लिए सचिन तेंदुलकर एप्लीकेशन तैयार करवा रहे हैं। इनके माध्यम से कोच ही नहीं बल्कि खिलाड़ियों की मानसिक और बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी। खिलाड़ी नेशनल ही नहीं इंटरनेशनल स्तर के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे। विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का दफ्तर अजमेर में खोले जाने, राजस्थान में हॉकी खेल को बढ़ावा देने आदि सवाल केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से किए।

---

**पुलिया निर्माण का कार्य शुरू**

# ग्रामीणों की राह होगी आसान, नहीं लगाना पड़ेगा लंबा चक्कर



**बेधड़क** | उदयपुर

शहर से सटे बेदला खुर्द से रामगिरी जाने वाले ग्रामीणों की राह अब आसान हो जाएगी। उनको आवागमन में लगने वाले लम्बे चक्कर से छुटकारा मिल जाएगी। ग्रामीणों को चार किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। दरअसल इस गांव में बारिश के समय मुश्किल भरी राह से गुजरना पड़ता है।

वहीं बारिश के समय खतरा भी बना रहता है। अब यहां पुलिया निर्माण कराया जा रहा है। पुलिया बनने के बाद ग्रामीणों की राह आसान हो जाएगी। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने पुलिया बनाने का काम शुरू कर दिया है। इससे आस-पास के कई गांवों को राहत मिलेगी। बेड़च नदी के अंदर से आसपास के गांव वालों को गुजरना होता है। जब नदी में पानी होगा तब बेदला खुर्द पंचायत में आने के लिए रामगिरि के लोगो को 4 किलोमीटर का सफर तय कर दूसरे रास्ते से आना होता है। इस मांग को लेकर यूडीए ने पहले मंजूरी देते हुए 92 लाख रुपए स्वीकृत किए थे और इसके साथ ही अब ठेकेदार ने वहां काम शुरू कर दिया है। पुलिया निर्माण का कार्य शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल है। पुलिया निर्माण होने से किसानों, ग्रामीणों को वर्तमान में हो रही परेशानी से निजात मिल जाएगी।

इस पुलिया निर्माण से लखावली, डांगियो का गुड्डा, मानपुरा, सबलपुरा, प्रतापपुरा,रेबारियो का गुड्डा सहित कई गावों के लोगों को सीधा फायदा होगा। वही रामगिरी के वाशिंदों को भी अपने पंचायत भवन आने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

---

**कोहरे का बरपा कहर, 40 से ज्यादा घायल**

# स्कूल और प्राइवेट बस में टक्कर से ड्राइवर व एक विद्यार्थी की मौत

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में घने कोहरे के चलते शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। रूपनगढ़ में प्राइवेट बस और स्कूल बस में भीषण भिड़ंत हो गई।

हादसे में स्कूल बस चालक और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि बस में सवार 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल बच्चों को करकेड़ी सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। 6 बच्चों को अजमेर-परबतसर रेफर किया गया है। करकेड़ी और अमरपुरा गांव के बीच ये हादसा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में जान गंवाने वाले चालक का नाम सुगन जाट बताया जा रहा है, जबकि बस में सवार एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों का करकेड़ी सीएचसी में उपचार जारी है।

वहीं गंभीर रूप से घायल 6 बच्चों को अजमेर-परबतसर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित, एसपी चुनाराम जाट सहित आलाधिकारी अस्पताल पहुंचे और हादसे की जानकारी लेते हुए घायल बच्चों की कुशलक्षेम पूछी।



---

**तीन आरोपी गिरफ्तार, झांसा दे वसूले थे आठ लाख रुपए**

# टावर लगाने के नाम पर करते थे ठगी

**बेधड़क** | दौसा

जिले की साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल टॉवर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिन्होंने बैजूपाडा थाना क्षेत्र निवासी एक जने से करीब साढे 8 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। एएसपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि बैजूपाडा थाना क्षेत्र निवासी पीड़त हेमचंद्र सैनी ने मामला दर्ज कराया था कि उन्हें इंटरनेट के जरिए पता चला कि मोबाइल टॉवर लगवाने पर 60 लाख रुपए, 25 हजार किराया व 11 हजार सैलरी में एक जॉब मिलेगी।

विज्ञापन के झांसे में आकर उसमें दिए नंबर पर सम्पर्क किया तो आरोपियों ने एग्रीमेंट कराने समेत कई प्रलोभन दिए। आरोपियों ने पीड़ित को झांसा दिया कि पहले उसे 60 लाख रुपए की जीएसटी उन्हें चुकानी होगी। विश्वास में आकर उसने रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद भी कई प्रलोभन देकर 8.22 लाख रुपए ऐंठ लिए।



### ग्वालियर से तीन आरोपियों को दबोचा

पुलिस ने जांच करते हुए मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के 3 आरोपियों को चिह्नित किया। इसके बाद एमपी पुलिस में पदस्थ, राजस्थान के ही रहने अधिकारी की सहायता से बदमाशों को ग्वालियर से गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने बताया कि मामले में भीमसिंह, कुलदीप व महेन्द्र को गिरफ्तार किया है। कई अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपी प्रलोभन भरे विज्ञापन देकर लोगों को टॉवर लगाने का झांसा देते हैं।

---

**परिवहन विभाग ने जारी की एडवाइजरी**

# वाहन चलाते समय जरा-सी भी असावधानी बन सकती है बड़ी मुसीबत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सर्दी अब जोर पकड़ने लगी है। इस बीच कोहरे का असर भी बढ़ता जा रहा है। कोहरे के कारण सर्दी की रात में वाहन चालकों के सामने गाड़ी चलाना मुश्किल भरा काम होता है। इससे चलते दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

कई बार यह कोहरा कोहराम बन जाता है और भयंकर सड़क हादसें हो जाते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग ने वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

विभागीय आकडों पर गौर करें तो वर्ष 2021 देश में कोहरें एवं मिस्टी वेदर के चलते 13 हजार से ज्यादा लोग मौत के मुहं में चले गए। साथ ही 25 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं जो कुल दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का आठ प्रतिशत से अधिक है।

ऐसे में कोहरे के मौसम में सुरक्षित वाहन संचालन के लिए कई बातों को ध्यान में रखकर वाहन संचालन की जरूरत है। इससे निश्चित हद तक दुर्घटनाओं पर को रोका जा सकता है। सर्दी में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन व पुलिस विभाग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

ऐसे में सर्दी में किस तरह से वाहन दुर्घटनाओं पर रोका जाए और किस तरह सड़क सुरक्षा की आवश्यकता है। यह जानकारी दे रहे हैं सड़क सुरक्षा एक्सपर्ट एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त परिवहन निरीक्षक परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह धायल।


### घना कोहरा होने पर इन बातों का रखें ध्यान



परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह के अनुसार रात में घना कोहरा होने पर चोपहिया वाहन चलाने में कई बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसमें विंडशील्ड (सामने का शीशा), खिड़कियों को साफ रखें। वाहन के सामने का शीशा दोनों तरफ से, साईड ग्लास, हेड लाइट, ब्रेक लाइट, फॉग लाइट, पार्किंग लाइट ग्लास अच्छी तरह से साफ कर लें ताकि संचालन के लिए दृश्यता कम नहीं हो एवं संचालन के दौरान अनावश्यक जोर आंखों पर नहीं लगाना पड़े। कोहरे में वाहन की लाइट्स, इंडिकेटर्स को ऑन रखें ताकि पीछे चल रहे वाहन चालकों को आपके वाहन का पता रहे एवं सड़क पर दायें बायें वाहन को मोड़ना हो तो 15-20 सैकंड पूर्व इंडिकेटर्स चालू कर दें। कोहरे के मौसम में आगे चल रहे वाहन से कम से कम 10 मीटर की दूरी बनाकर रखें एवं अपना सीट बेल्ट अच्छी तरह से बांधकर रखें। लो बीम पर वाहन चलाएं। जीरो विजीबिलिटी के दौरान वाहन को तेज गति से नहीं चलाएं एवं अनावश्यक ओवरटेक से बचें। शीशे बंद होने के कारण वाहन के अंदर भाप बनने से सामने व साइड के शीशे धुंधले हो जाते हैं। इससे बचने के लिए अपने वाहन के हीटर को ऑन रखें या ब्लोअर चलाएं।

### सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स

- लो विजिबिलिटी में कलर गाइडलाइंस (पेंटेड लाइन) एवं डिवाइडर के आधार पर वाहन चलाएं।
- वाहनों पर नियमानुसार रिट्रो रिफ्लेक्टिव टेप-स्टीकर्स लगाएं
- दोपहिया वाहन चालक हेलमेट एवं रेडियम जैकेट्स पहने एवं हेलमेट पर रेडियम टेप लगाएं।
- वाहन को सड़क पर पार्क नहीं करें एवं वाहन के खराब हो जाने उसे सड़क से दूर खड़ा करें और हैजार्ड लाइट्स को चालू कर दें।
- कोहरे के समय धुंधले शीशे सूती कपड़े या पानी सोखने वाले कागज से साफ करें।
- गाड़ी में हीटर-ब्लोअर चलाते समय वेंटिलेशन के लिए थोड़े शीशे खोलकर रखें।



### बेहद आवश्यक है फॉग लाइट

कोहरे में धुंध की वजह से सामने की ओर देखने में काफी दिक्कतें आती हैं। इस दौरान फोर व्हीलर के साथ-साथ टू व्हीलर्स के लिए फॉग लैंप बेहद जरूरी है। फॉग लाइट गाड़ी की हेडलाइट के साथ ही नीचे की ओर लगाई जाती है। इस लाइट के अंदर से तीव्र रोशनी निकलती है, जो कोहरे को काटने में मदद करती है। इससे वाहन चालक को आगे का साफ रास्ता दिखाई देता है। फॉग लाइट के अलावा कोहरे में रेडियम स्टिकर्स की भी अहम भूमिका होती है। प्रदेश में वाहनों में फॉग लाइट लगाने के लिए परिवहन विभाग ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया है।

**विधानसभा चुनाव** फूल, ढोल व मिठाई के साथ आतिशबाजों की एडवांस बुकिंग

## आज खुल जाएगा जनादेश का पिटारा

# चरम पर रोमांच

**मतगणना के दौरान प्रत्याशियों की शुगर/बीपी जांचने के लिए मुस्तैद रहेंगे डॉक्टर**

**परिणाम के एक दिन पूर्व प्रदेश के कई बड़े नेता पहुंचे भगवान के दर पर**

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद अब वह घड़ी आ गई है, जिसका सभी को इंतजार है। रविवार विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती की जाएगी। हार-जीत की संभावनाओं को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं। यानि कल का दिन सभी प्रत्याशियों के लिए ज्यादा भारी रहने वाला है। उधर, मतगणना से पूर्व जीत की संभावनाओं को लेकर दोनों ही पार्टियों के उत्साही कार्यकर्ताओं ने बड़े जश्न की तैयारी कर ली है। फूल, ढोल व मिठाई के साथ आतिशबाजी विक्रेताओं के पास एडवांस बुकिंग हो चुकी है। यही नहीं, मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए उनके चिकित्सकों को मुश्तैद किया गया है। प्रत्याशियों की शुगर, बीपी जांच व अन्य शारीरिक परिस्थितियों पर नजर रखी जाएगी।

दूसरी ओर, इस बार का चुनाव परिणाम दोनों ही प्रमुख दलों के कई नेताओं का राजनीतिक भविष्य भी तय करेगा। वर्तमान सरकार के कई मंत्री चुनाव मैदान में हैं तो भाजपा के भी कई बड़े नेता चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। अभी नहीं तो कभी नहीं वाले फॉर्मूले में उलझे नेता अपनी जीत हार के समीकरण लगा रहे हैं। निर्दलीयों में भारी उत्साह का माहौल है।



### पीसीसी कार्यालय व प्रत्याशियों के घरों में जुटेंगे पार्टी के कार्यकर्ता

मतगणना के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी पीसीसी के अलावा अपने घरों से ही रुझान देखेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट, पवन खेड़ा, सीपी जोशी सरीखे बड़े नेता राजधानी जयपुर में ही रहेंगे। परिणाम के संभावित रुझानों को लेकर कांग्रेस के वॉर रुम में पिछले 24 घंटों से हलचल है। बाड़ाबंदी की संभावनाओं के चलते पार्टी के बड़े नेताओं ने पूर्व से ही कमान संभाल रखी है। उल्लेखनीय है कि भले ही एग्जिट पोल कांग्रेस के पक्ष में ना आया हो लेकिन इसके इतर नेताओं को जीत की संभावना दिख रही है।

### भाजपा के बड़े नेताओं का राजधानी में डेरा

मतगणना में आने वाले रुझानों को लेकर चुनाव मैदान में उतरे सभी नेता अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के कई बड़े नेता जयपुर पहुंच चुके हैं। बड़े नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री वसुधंरा राजे, राजेंद्र राठौड़, सीपी जोशी, अर्जुनराम मेघवाल, अरुण जोशी, गजेंद्र सिंह शेखावत, सतीश पूनिया सहित अन्य बड़े नेताओं ने जयपुर में अपना डेरा डाल दिया है। अधिकतर प्रत्याशी अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों से ही परिणाम देखेंगे। इधर, भाजपा के कुछ प्रत्याशी देवालयों की शरण में भी पहुंचे है। जानकारी के अनुसार भाजपा के अधिकतर प्रत्याशी अपने अपने ईष्ट की शरण में शनिवार देर शाम को ही पहुंच गए हैं। हालांकि सरकार बनने या ना बनने की संभावनाओं के बीच दोनो ही दलों ने बाड़ाबंदी को लेकर संपर्क साधना शुरु कर दिया है। पार्टी के आला नेता सभी प्रत्याशियों से इसको लेकर लगातार संपर्क में हैं।

### महाजश्न के लिए कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

अपने अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा कर रहे कार्यकर्ताओं ने महाजश्न की तैयारी कर ली है। शनिवार को दिनभर हवामहल के पास स्थित आतिशबाजी की दुकानों पर पटाखों की खरीद जारी रही। इसके अलावा फूल मंडी में फूलों की भी एडवांस बुकिंग हुई है। मिठाई कारोबारियों ने भी अपने यहां अतिरिक्त मिष्ठान्नों की तैयारी की है। रविवार को आने वाले परिणामों पर खुशी के इजहार के लिए कार्यकर्ताओं ने पूरी तैयारी कर ली है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## तैयार रहिए आने वाले जनादेश के लिए

जनादेश के लिए तैयार रहिए। इंतजार की घड़ियां खत्म हो चुकी हैं। आज पता चल जाएगा। चुनाव पांच राज्यों में हुए थे। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में मतों की गिनती आज होगी। मिजोरम में चार को। एक्जिट पोल की बात अब फिजूल है। तीन राज्यों में कांग्रेस-भाजपा में सीधी टक्कर है। क्या मतदाताओं की मानसिकता राज्यों के हिसाब से अलग-अलग है। या पूरे देश की राजनीतिक हवा एक तरफ बह रही है। कहां किसकी हवा थी। कौन हवा-हवाई बातें कर रहा था। अण्डर करंट था या एंटी इनकम्बेंसी हावी हो गई। किसकी जमीन खिसक जाएगी। कौन आ रहा है। कौन जा रहा है। किसके लिए ये चुनाव आखिरी साबित होंगे। किसकी राजनीति ठहर जाएगी। क्लियर मेजोरिटी या क्लोज फाइट। मतदाता किसी एक पार्टी को खारिज करेंगे और दूसरी को स्पष्ट बहुमत देंगे। फ्रेक्चर्ड मेनडेट की भी चर्चा है। क्या अदर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। परिस्थिति कुछ भी हो। तैयारियां दोनों तरफ से हो रही है। खरीद-फरोख्त का बाजार गर्म होने की चर्चा है। उथलपुथल हर पार्टी में है। पॉवर में आने के कई दावेदार हैं। अस्तित्व की लड़ाई में हर संभव कोशिश जारी है। क्या नेता का चुनाव विधायक दल की बैठक में होगा। या आला कमान तय करेगा। तो राजभवन जा रहे हैं। संतों के चरणों में बैठे हैं। शिष्टाचार भेंट का दौर चल रहा है। कुछ का सपना पूरा हो जाएगा। देखना है कि सत्ता में आने वाले आम जनता के सपनों को पूरा करेंगे या नहीं। कम से कम जो वादे चुनाव अभियान में किए थे वो तो पूरे कर ही देंगे। आम जनता के सपने भी बिल्कुल आम हैं। सस्ती गैस मिल जाए। सब्जियों और खाद्य सामग्री की महंगाई कम हो जाए। पेट्रोल थोड़ा सस्ता हो जाए। इन बातों को फिलहाल छोड़ दें। इन राज्यों के परिणाम आने के बाद जो बदलाव होंगे वे ज्यादा बड़े हैं। इनका असर देशव्यापी होने वाला है। पार्टियों की अंदरूनी राजनीति पर और आला कमान पर भी। संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज पर। सरकार की योजनाओं पर भी होगा। जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं वहां लोकसभा की 83 सीटें हैं। इनमें से भाजपा के पास 66 और कांग्रेस के पास सिर्फ 6 हैं। देश आम चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। देखते हैं किस दिशा में ले जाएंगे ये परिणाम।

■ यायावर

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## आज हो जाएगा दूध का दूध, पानी का पानी

**स्थान** चौड़ा रास्ता **समय** दोपहर 3:00 बजे

**जयपुर**

चुनावी माहौल का आज पटाक्षेप हो जाएगा। आज सामने आने वाले परिणामों पर निर्भर करेगा कि आज के बाद नई सरकार की शपथ की तैयारी शुरू होगी या राजनीतिक जोड़ तोड़ का नया मैदान तैयार होगा। प्रदेश के इस बार के चुनाव ने जनता का भरपूर मनोरंजन किया तो प्रदेश के लिए सोचने-समझने की एक नई दृष्टि भी लोगों को दी। जब से चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हुई, तभी से राजनीति में जरा सा भी इंट्रेस्ट रखने वाले लोगों के बीच शुरू हुआ चुनावी चकल्लस का दौर चलता रहा। हर कोई राजनीतिक विश्लेषक बना नजर आया। टिकटों का बंटवारा हो या उम्मीदवारों की जीत-हार, हर मुद्दे पर जमकर बहसें की गईं। आज मतगणना के साथ सब साफ हो जाएगा। कुल मिलाकर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। तो, जनता के बीच चलने वाली चर्चाओं का स्वाद चखने हम निकले तो जा पहुंचे चौड़ा रास्ता में एक चाय के स्टॉल पर। यहां अलग अलग ग्रुपों में चाय की चुस्कियों के साथ चर्चाओं का दौर चल रहा था। "कल तो नेताओं का दिन है। देखो किसके भाग्य खुलेंगे और कौन खाली रहेगा। लगता है दोनों पार्टियों के विधायकों का अगला सप्ताह तो किसी बाड़े में ही बीतेगा। अगर एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला तो देखना कितना मजा आता है।" एक तरफ से चाय की चुस्की के साथ बात छेड़ी गई तो सामने से चाय की चुस्की के साथ ही बात को आगे बढ़ाया गया-"भाई, कोई पता नहीं है, हो सकता है एक ही पार्टी को छप्पर फाड़ के मिल जाए, इस बार के माहौल का कोई अंदाजा नहीं लगा सकता, सारा गिनती के बाद ही क्लीयर होगा।" दूसरी संभावना सामने आई तो तीसरी तरफ से फिर नया एंगल निकाला गया-" ऐसा कुछ नहीं है, अगर एक पार्टी को भी बहुमत मिल गया तो भी मैनेज करना आसान नहीं होगा। दोनों ही पार्टियों में कई नेता हैं जिनको बड़ी वाली कुर्सी चाहिए। देखा नहीं था क्या एक साल पहले ही कितने हंगामे हुए थे। अब अगर शांति है तो इसको तूफान से पहले की शांति ही मानो। और अगर दूसरी पार्टी को बहुमत मिला तो उसमें तो वैसे ही भरमार है बड़े नेताओं की।" नया कयास निकला तो इसके जवाब में इसी कयास का नया पहलू निकाला गया-"भाई, आलाकमान सब सैट कर देगा अगर ऐसा हुआ तो। चाहे कोई कितना भी बड़ा नेता हो, आलाकमान के सामने सब छोटे ही हैं। शुरू में सब उछलेंगे पर ऊपर से घुड़की आते ही शांत हो जाएंगे। खैर अब तो दिल्ली दूर नहीं, कल तो सब साफ हो ही जाएगा।" चाय के प्याले खत्म हो चुके थे तो चर्चा का दौर भी यहीं खत्म हुआ।

**पॉली क्लिक्स**



हनुमान बेनीवाल को राजस्थान की राजनीति में तीसरी शक्ति के रूप में देखा जाता है। इस चुनाव में उन्होंने अपनी पूरी ताकत झोंकी है। रविवार को मतगणना के बाद बेनीवाल की ताकत का असली फैसला होगा। इससे पूर्व शनिवार को जयपुर में मौजूद बेनीवाल ने मोती डूंगरी गणेश जी के मंदिर में पूजा अर्चना की व भगवान से जीत का आशीर्वाद मांगा।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# 71 साल में महज दो सरकारों को मिले है आधे से अधिक वोट

संसदीय लोकतंत्र में किसी भी राजनैतिक दल या गठबंधन को सदन में स्पष्ट बहुमत के आधार पर शासन-सत्ता की बागडोर संभालने का अवसर मिलता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बहुमत के लिए सिर गिने जाने की परम्परा है। वर्ष 1952 में प्रथम आम चुनाव से लेकर अब तक की चुनाव यात्रा के दौरान पन्द्रह बार गठित विधानसभाओं में केवल दो बार किसी पार्टी ने मतदान प्रतिशत के आधे से अधिक मतदाताओं के समर्थन से सरकार बनाई।

यह अवसर आज से 51 बरस पहले 1972 में आया जब कांग्रेस पार्टी ने 51.4 प्रतिशत वोट हासिल करके सरकार बनाई थी। यह स्थिति तब बनी जब 1971 में भारत-पाक युद्ध परिणति बांग्लादेश के रूप में हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जय-जयकार के माहौल में हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी को आधे से अधिक मतदाताओं का समर्थन मिला।

इस घटनाक्रम के पांच साल बाद राजस्थान में पहली गैर कांग्रेस सरकार भी आधे से अधिक मतदाताओं के समर्थन से बन सकी। इंदिरा गांधी के शासनकाल में लागू आपातकाल के पश्चात 1977 के चुनाव में नवगठित जनता पार्टी के पक्ष में राज्य के 50.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। तत्कालीन जनसंघ के नेता भैरों सिंह शेखावत मुख्यमंत्री बने।

### पहले चुनाव में कांग्रेस को मिले थे 39.71 फीसदी वोट

प्रथम विधानसभा के चुनाव से लेकर अब तक गठित पन्द्रह विधानसभाओं के लिए हुए मतदान तथा सत्तारुढ दल को मिले वोटों का लेखा-जोखा करने पर दिलचस्प तस्वीर दिखाई देती है। तो पहली विधानसभा के चुनाव में कुल जमा बारह दल चुनाव मैदान में थे। कांग्रेस को 39.71 प्रतिशत और जनसंघ पार्टी को 6.35 प्रतिशत वोट मिले। सोशलिस्ट पार्टी के पक्ष में 3.93 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि राम राज्य परिषद को 11.44 तथा कृषिकार लोक पार्टी (केएलपी) को 7.75 प्रतिशत वोट मिले। दिलचस्प तथ्य यह है कि निर्दलीय प्रत्याशियों को 28.05 प्रतिशत वोट मिले।

### भाजपा को 2013 में मिले थे सर्वाधिक वोट

कई बार के प्रयासों के बावजूद राज्य में तीसरा मोर्चा नहीं पनप सका। कांग्रेस और भाजपा में सत्ता परिवर्तन का क्रम चलता आया है। भाजपा ने अपने बलबूते वर्ष 2003 में 39.20 प्रतिशत और 2013 में अब तक के सर्वाधिक 46.05 प्रतिशत मत लेकर सरकार बनाई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री के रूप में सरकार की कमान संभाली। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गहलोत भी 1998 में जब पहली बार मुख्यमंत्री बने पार्टी को 44.95 प्रतिशत वोट मिले।



### कुछ मत इधर-उधर होने से भी हुए हैं सत्ता परिवर्तन

गैर कांग्रेस सरकार के मुखिया के रूप में भैरोसिंह शेखावत की पार्टी भाजपा को दूसरी पारी में 25.25 प्रतिशत और तीसरी पारी में 38.60 प्रतिशत वोट मिले। दोनों बार जनता दल के गठबंधन से सरकार बनी। केवल तीसरी पारी में सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। पिछली पन्द्रह विधानसभाओं के आंकड़ों पर गौर करें तो 1952 में कांग्रेस को 39.71 प्रतिशत वोट मिले। वर्ष 1957 में 45.13 प्रतिशत, वर्ष 1962 में 39.98 प्रतिशत 1967 में 41.41 प्रतिशत वर्ष 1977 में 31.41 प्रतिशत, 1980 में 42.96 प्रतिशत, 1985 में 46.56 प्रतिशत, 1990 में 33.64 प्रतिशत, 1993 में 38.27 प्रतिशत, 1998 में 44.95 प्रतिशत, 2003 में 35.65 प्रतिशत, 2008 में 36.81 प्रतिशत, 2013 में 37.71 और 2018 में 39.82 प्रतिशत वोट मिले। भाजपा ने वर्ष 1980 से 18.60 प्रतिशत वोट लेकर यात्रा शुरू की और दो बार अपने बल पर सरकार बनाई । मतदान प्रतिशत के थोड़े से हेरफेर से सत्ता परिवर्तन का उदाहरण हमारे सामने है। इस सोलहवीं विधानसभा में किस पार्टी को बहुमत मिलेगा इसका परिणाम तीन दिसम्बर की मतगणना से पता चलेगा।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*भारत चमत्कारों का देश है। यहां होने वाले चमत्कार अक्सर तर्कों और तथ्यों से परे होते हैं। ये भक्तों के विश्वास और उनकी आस्था का सजीव प्रमाण हैं। भारत में कई ऐसे स्थान हैं, जो अपनी चमत्कारी प्रवृत्ति और अविश्वसनीय मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध हैं। ऐसा ही एक स्थान कर्नाटक के हासन जिले में है, जो अपने चमत्कारों के लिए ही पूरे भारत में विख्यात है। इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भक्ति इतनी प्रगाढ़ है कि मिशनरियों द्वारा किए गए लगातार प्रयासों के बाद भी भक्तों का विश्वास उसी तरह बना हुआ है, जैसे सदियों पहले था। यह स्थान है 12वीं सदी में निर्मित हसनंबा मंदिर,जो दीपावली के समय केवल 10 दिन के लिए खुलता है और फिर एक साल के लिए फिर बंद कर दिया जाता है।*

### कर्नाटक: विश्व को आश्चर्यचकित कर रहे हैं ये चमत्कार ...

# हसनंबा मंदिर: जलता दीपक, फूल-प्रसाद एक साल बाद भी मिलते हैं उसी रूप में



दीपावली पर केवल 10 दिन के लिए खुलता है हसनंबा मंदिर



## हसनंबा मंदिर से जुड़ी प्रथा और मंदिर के चमत्कार

यह मंदिर अपनी रोचक प्रथाओं के लिए जाना जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक अश्विन मास के पहले गुरुवार को यह मंदिर एक सप्ताह के लिए ही श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। इस दौरान हसनंबा जात्रा महोत्सव मनाया जाता है। मंदिर के कपाट खुलने पर देश के कोने-कोने से भक्त माता के दर्शन के लिए आते हैं। इसके बाद आखिरी दो दिनों में मंदिर में विशेष अनुष्ठान का आयोजन होता है, जिस दौरान मंदिर आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहता है। हासन जिले में स्थित हसनंबा मंदिर जिस कारण से प्रसिद्ध है, वह है यहां होने वाला विशेष चमत्कार है। दरअसल जब मंदिर के कपाट फिर से बंद किए जाते हैं, तब यहां एक दीप जलाया जाता है, माता को ताजे पुष्प अर्पित किए जाते हैं और प्रसाद चढ़ाया जाता है। साल भर बाद जब पुनः इस मंदिर के पट खुलते हैं, तब भी दीपक जलता हुआ ही पाया जाता है। माता को अर्पित किए गए पुष्प ताजा अवस्था में मिलते हैं और प्रसाद के रूप में अर्पित किया गया पकाया चावल भी पवित्र रूप में मिलता है।



## चमत्कार की कथाएं

कहा जाता है कि देवी हसनंबा ने अपनी भक्त एक बहू को प्रताड़ित करने वाली सास को पत्थर में बदल दिया था। इसके अलावा हसनंबा के गहने चुराने की कोशिश करने के बाद देवी ने एक बार चार लुटेरों को पत्थरों में बदल दिया। ये चार पत्थर अभी भी कलप्पा गुड़ी में पाए जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि पत्थर हर साल एक इंच हिलता है। माना जाता है कि जब यह पत्थर हसनंबा के चरण कमलों तक पहुंच जाएगा तो कलियुग समाप्त हो जाएगा। माता हसनंबा के भक्त इन सबको चमत्कार ही मानते हैं, लेकिन कई प्रगतिवादी और सुधारवादी समाजसेवी चाहते हैं कि मंदिर के चमत्कारों का सच सामने लाया जाए। इसके लिए समय-समय पर प्रयास होता रहता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर भक्तों का यह मानना है कि मिशनरियां मंदिर के महत्व को समाप्त करने के लिए उसकी प्रथाओं को निशाना बना रही हैं। भक्तों की आस्था भी अडिग है और संसार में सबको जीता जा सकता है, लेकिन एक भक्त के विश्वास को कोई नहीं जीत सकता। इस मंदिर के परिसर में तीन प्रमुख मंदिर हैं जो दरबार गणपति, हसनंबा और सिद्धेश्वर को समर्पित हैं। श्री हसनंबा में मुख्य मीनार का निर्माण द्रविड़ शैली में किया गया है। ऐसी पेंटिंग हैं जो विभिन्न पौराणिक आकृतियों का प्रतिनिधित्व करती हैं जैसे वीणा बजाते हुए नौ सिर वाले रावण की पेंटिंग। यहां का एक अन्य प्रमुख आकर्षण कल्लप्पा को समर्पित मंदिर है।


## मंदिर का इतिहास और मान्यता

मंदिर के विषय में पौराणिक मान्यता कई युगों पहले भगवान सदाशिव भोलेनाथ से जुड़ी हुई है। एक भयंकर राक्षस हुआ जिसका नाम अंधकासुर था। उसने भीषण तपस्या करके ब्रह्माजी से अदृश्य होने का वरदान प्राप्त कर लिया था। वरदान मिलते ही अंधकासुर ने चारों ओर अत्याचार मचा दिया। सभी त्राहि त्राहि करने लगे। ऐसे में भगवान शिव ने अंधकासुर का अंत करने का निश्चय किया, लेकिन ब्रह्माजी के वरदान के कारण उन्हें अंधकासुर से कड़ा संघर्ष करना पड़ा। तब भगवान शिव ने अपनी शक्तियों से योगेश्वरी देवी जो पार्वती सदृश्य ही थीं, को उत्पन्न किया, जिन्होंने अंधकासुर का नाश कर दिया। योगेश्वरी के साथ आईं थीं, 7 देवियां, जिन्हें सप्तमातृका कहा गया। ये सप्तमातृकाएं थीं, ब्राह्मी, महेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इंद्राणी और चामुंडी। ये सातों देवियां दक्षिणी भाग से काशी की ओर आ रही थीं, लेकिन मार्ग में उन्हें एक स्थान इतना सुंदर लगा कि उन्होंने वहीं निवास करने का निर्णय लिया। यही स्थान हासन है। इन सातों देवियों में से वैष्णवी, महेश्वरी और कौमारी ने चींटियों की बाम्बी में रहना पसंद किया। चामुंडी, वाराही और इंद्राणी पास ही स्थित कुंड में रहने लगीं और ब्राह्मी केंच्चम्मना होसकोटे में। मंदिर के निर्माण और गर्भगृह में मूर्ति स्थापना के विषय में कोई पुख्ता जानकारी नहीं है, लेकिन जिस प्रकार की मंदिर की संरचना और वास्तुकला है,उससे यह अंदाजा लगाया जाता है कि हसनंबा मंदिर होयसल वंश के राजाओं द्वारा 12वीं शताब्दी में बनवाया गया जो होयसल राजवंश की भव्यतम वास्तुकला का प्रतिरूप है। हालांकि मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थित गोपुरम 12वीं शताब्दी के बाद बनाया गया है। देवी शक्ति या अंबा को समर्पित, हसनंबा मंदिर 12वीं शताब्दी ईस्वी में बनाया गया था। उन्हें हसन की पीठासीन देवता के रूप में माना जाता है और शहर का नाम हसन देवी हसनंबा से लिया गया है। पहले हसन को सिहमासनपुरी के नाम से जाना जाता था।

---

### लघुकथा

## धोखा





सुरेश सौरभ
निर्मल नगर
लखीमपुर-खीरी

*दूल्हे ने पीपीई किट पहनी, दुल्हन ने मास्क लगाया तब कोराना काल में सोशल डिस्टेंसिंग बनाते हुए उनकी शादी हो पाई। बरसों बाद जब वे बूढ़े हो गये, तब एक दिन पति ने अपनी पत्नी से कहा- मैंने जिंदगी में दुनिया को सबसे बड़ा धोखा एक ही बार दिया था, जब नकली पीपीई किट पहन कर सरकार और मीडिया की आंखों में धूल झोंक कर तुमसे शादी रचाई थी। तुमने भी किसी को धोखा दिया कभी? पत्नी खामोश रही कुछ न बोली। जब बूढ़े पति ने ज्यादा जोर दिया, तब पत्नी ने कहा-हां एक ही बार मैंने भी किसी को सबसे बड़ा धोखा दिया। एक ब्वॉय फ्रेंड से शादी करने का वादा किया था, पर उस कंगले को धोखा देकर तुमसे शादी कर ली क्योंकि तुम पैसे वाले थे। अब वह बूढ़ा आकाश की ओर ताक रहा था, जहां उसे दिन में तारे नजर आ रहे थे।*

### कहानी

## बूढ़ा डस्टबिन



महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड



*'मेरी मानो तो इस पुराने आउटडेटेड कम्प्यूटर को मत बनवाओ, बेटा। ये बहुत महंगा पड़ेगा। संभव है, ना भी बने। ये सरासर बेवकूफी ही होगी। आप कोई नया कम्प्यूटर या लैपटॉप ले लो बेटा। आज कल मार्केट में तो बढ़िया-बढ़िया कम्प्यूटर आ गए हैं।' कम्प्यूटर मैकेनिक पुराने, गंदे कम्प्यूटर पर नजर घुमाते हुए बोला।*

*'नहीं, पैसे की कोई बात नहीं है। आप प्लीज इसे किसी तरह चालू कर दीजिए।' युवक ने कहा तो मैकेनिक बोला- 'इसे सरासर बेवकूफी ही कहेंगे बेटा जी। खैर, इसे छोड़ जाइए मेरे पास। देखता हूं। बना तो ठीक नहीं तो...।' उसने बात अधूरी छोड़ दी।*

*'नहीं तो मत ही कहिएगा... ये कहिए कि जरूर बन जाएगा।' युवक मिन्नत करते हुए बोला- 'इस शहर में सबसे पुरानी आपकी ही दुकान है। आपका लोग बड़ा नाम लेते हैं।'*

*'आखिर, ऐसा क्या है इस कम्प्यूटर में?' मैकेनिक चश्मे के पीछे से झांकते हुए बोला। 'दरअसल ये कम्प्यूटर मेरी मां ने गिफ्ट किया था मुझे। ऐसे समय में गिफ्ट किया था, जिस समय मैं दसवीं कक्षा में पढ़ता था। उस समय मैं कुछ भी नहीं था। मेरी मां ने पाई-पाई जोड़ कर ये कम्प्यूटर खरीदा था। ये मेरी मां की दी हुई सबसे अनमोल निशानी है। मेरी मां दोने बनाती थी। उसी पैसे से ये कम्प्यूटर मेरे लिए खरीदा था। इसलिए ये मेरे लिए दुनिया की सबसे कीमती चीज है।' बूढ़े कम्प्यूटर मैकेनिक के पैर कांपने लगे। दुनिया में ऐसे-ऐसे भले लोग भी हैं। मैकेनिक के कानों में अपनी बहू की गालियां सुनाई पड़ने लगीं- 'ये बूढ़ा डस्टबिन है... इसको कब निकालकर बाहर फेंक रहे हो?'*

*'बन जाएगा ना' युवक के सवाल से वह खयालों से बाहर आया।*

*'जान लगा दूंगा बेटा। अपनी उम्र का जितना तजुर्बा है सब लगा दूंगा। अब भला इतने प्यार करने वाले लोग कहां मिलतें हैं?' मैकेनिक की आंखें छलछला आईं थीं।*

### कविता

## 'नंगा मुजाहिरा'





सुनील कुमार महला
साहित्यकार, हनुमानगढ़

भयानक जंग के बीच
कत्लगाह में परिवर्तित हो गई है
गाजा-पट्टी
हो गया है
इंसानियत का पतन
सच तो यह है कि
इंसानियत का संपूर्ण दरख़्त
आज हो गया है प्रदूषित
घोर प्रदूषित
युद्धक विमान
शरणार्थी शिविरों पर हमलावर हैं
अस्पताल भी बख्शे नहीं जाते हैं
इजराइल हमास को सबक सिखाना चाहता है
या हमास इजराइल को ?
समझ से परे है
आखिर एक इंसान को दूसरे इंसान को सबक सिखाने की
यह स्वतंत्रता दी किसने है ?
कौन किसको सबक सिखा रहा है?
हर ओर बदले की भावनाएं हैं
घायलों की चीख-पुकारों से
माहौल गूंजता है
शांति के पैरोकार कहां नदारद हो गए हैं ?
हर तरफ
अशांति, अन्याय, भय और मौत का घर है
यहां
नफ़रत ही नफ़रत का आलम है
शांति के पैगंबर ढूढ़े जा रहे हैं
बारूद की इस दुनिया में
न जाने कब बंद होगा
ये 'नंगा मुजाहिरा' ?






बहुजन समाज पार्टी और अपना दल (एस) ने की जातीय जनणगना की मांग

# NDA में भी उठा जातीय जनगणना का सुर, अनुप्रिया ने की हिमायत

■ केंद्र के लिए अब जनगणना पर सकारात्मक कदम उठाना जरूरी

एजेंसी | लखनऊ/ रामपुर

विधानसभा चुनाव वाले पांच राज्यों में मतगणना की तैयारी के बीच शनिवार को सत्तापक्ष और विपक्ष में शामिल कुछ दलों की ओर से जातीय जनगणना की मांग फिर मुखर हुई है। बसपा प्रमुख मायावती के साथ ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी जाति जनगणना की पक्षधर है और सहयोगी दल इससे अवगत हैं। वहीं मायावती ने भी देश में जातीय जनगणना की मांग करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के लिए अब इस मुद्दे पर बिना देरी के सकारात्मक कदम उठाना जरूरी हो गया है।



अपना दल (एस) प्रमुख पटेल ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, अपना दल (एस) संसद के अंदर और राजग की बैठकों में हर प्लेटफॉर्म पर जाति जनगणना के संदर्भ में अपनी बात रख चुका है। हमारा दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट है कि हम जाति जनगणना के पक्ष में हैं, हम यह चाहते हैं और हमारी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी इससे पूरी तरह अवगत है। ज्ञात रहे कि अभी विधान मंडल के शीतकालीन सत्र में जातिवार जनगणना की मांग को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने जमकर विरोध किया। बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में जातिवार जनगणना को लेकर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया था। सपा सदस्यों ने प्रदेश में जातिवार जनगणना कराने के मुद्दे पर शून्यकाल के दौरान कार्य स्थगन का नोटिस दिया था।

### सीटों के बंटवारे पर चर्चा नहीं

अनुप्रिया ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारी पार्टी एनडीए गठबंधन में है। मैं यहां संगठनात्मक कार्यक्रम के सिलसिले में आई हूं। फिलहाल उत्तर प्रदेश में हमारे पास दो सांसद हैं, अभी भाजपा के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर हमारी कोई चर्चा नहीं हुई है, जब होगी तो हम मीडिया को जरूर बताएंगे।

### भाजपा की उड़ी हुई है नींद: मायावती




बसपा प्रमुख ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, चार दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के आगामी शीतकालीन सत्र से पहले शनिवार को सर्वदलीय बैठक में बीएसपी द्वारा सरकार से देश में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग की गई। अब जबकि इसकी मांग देश के कोने-कोने से उठ रही है, केन्द्र सरकार द्वारा इस बारे में अविलम्ब सकारात्मक कदम उठाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा, महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था से त्रस्त व जातिवादी शोषण-अत्याचार से पीड़ित देश के लोगों में जातीय जनगणना के प्रति जो अभूतपूर्व रुचि/जागरूकता है, वह भाजपा की नींद उड़ाए हुए है तथा कांग्रेस अपने अपराधों पर पर्दा डालने में व्यस्त है।

### राज्यों में आधे-अधूरे मन से जनगणना

मायावती ने कहा, वैसे विभिन्न राज्य सरकारें सामाजिक न्याय की दुहाई देकर आधे-अधूरे मन से जातीय जनगणना कराकर जनभावना को काफी हद तक साधने का प्रयास कर रही हैं लेकिन इसका सही समाधान तभी संभव है जब केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर सही जातीय जनगणना कराकर लोगों को उनका हक देना सुनिश्चित करेगी।

## भाजपा से हाथ नहीं मिलाने का हमारा रुख स्पष्ट: शरद



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलाने का उनकी पार्टी का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और यदि इसके विपरीत कोई सुझाव आया भी, तो उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। पवार का यह बयान ऐसे समय आया है, जब उनके भतीजे एवं बागी राकांपा नेता अजित पवार ने एक दिन पहले उन पर निशाना साधा था। अजित पवार पर तंज कसते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि यदि सुबह-सुबह पद की शपथ लेने वाला कोई व्यक्ति यह दावा कर रहा है कि यह पार्टी की नीति है, तो उस व्यक्ति को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

## राजस्थान के लिए हुड्डा समेत चार पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उन चार राज्यों में अपने विधायक दल की बैठकों के समन्वय के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं, जहां रविवार को विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। राजस्थान में पार्टी ने हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मधुसूदन मिस्त्री, मुकुल वासनिक और शकील अहमद खान को जबकि तेलंगाना में, कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार, दीपा दास मुंशी, अजय कुमार, के. मुरलीधरन और के. जे. जॉर्ज तथा छत्तीसगढ़ के लिए अजय माकन, रमेश चेन्निथला और प्रीतम सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया है। मध्य प्रदेश के लिए पार्टी नेता अधीर रंजन चौधरी, पृथ्वीराज चव्हाण, राजीव शुक्ला और चंद्रकांत हंडोरे को नियुक्त किया गया है।

चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के परिणाम: दोनों प्रमुख पार्टियों के दावों की होगी परख

# मतगणना आज: मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तेलंगाना के सियासी रंग का होगा फैसला

एजेंसी | भोपाल/ रायपुर/ हैदराबाद।

विधानसभा चुनाव वाले पांच राज्यों में से चार राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में मतों की गणना रविवार यानी 3 दिसंबर को होगी। एक अन्य राज्य मिजोरम में मतों की गणना सोमवार को होगी। बता दें कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में है। तेलंगाना में बीआरएस की सरकार है और मिजोरम में एमएनएफ सत्ता पर काबिज है।

इस बीच, सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं लेकिन साथ ही चुनाव नतीजों से पहले ही जोड़-तोड़ की राजनीति भी शुरू हो गई है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार का कहना है कि हमें विश्वास है कि तेलंगाना में हमारी पार्टी आसानी से जीत दर्ज करेगी। हमें ये भी पता है कि हमें फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारे उम्मीदवारों ने बताया है कि सीएम ने उनसे संपर्क साधा है लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।





### बुधनी में शिवराज सिंह और छिंदवाड़ा में कमलनाथ का सियासी भाग्य होगा तय

बुधनी सीट से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान खुद चुनाव मैदान में है जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के विक्रम मस्ताल से है। वहीं सपा ने मिर्ची बाबा को टिकट दिया है। इस सीट पर सबकी नजर है। यहां इस बार पिछली बार से अधिक मतदान हुआ है। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा सीट से चुनाव मैदान में है। यहां पर भाजपा के विवेक बंटी साहू चुनाव मैदान में है। इस बार भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट जीतने में पूरा जोर लगाया है। इस सीट पर बंपर वोटिंग हुई है।

## केंद्रीय मंत्री व सांसद भी हैं चुनाव मैदान में

### यहां भी दिग्गजों पर रहेगी नजर





इंदौर एक से भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय का मुकाबला कांग्रेस के संजय शुक्ला से हैं। वहीं दतिया विधानसभा सीट से गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र का कांग्रेस के राजेंद्र भारती से मुकाबला है। नरसिंहपुर सीट से केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल भाजपा के प्रत्याशी है। यहां पर पटेल के भाई जालम सिंह ने पिछला चुनाव जीता था। भाजपा ने निवास सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी बनाया है जिनका मुकाबला कांग्रेस के चैन सिंह वरकुडे से हैं। जबलपुर पश्चिम से भाजपा के सांसद राकेश सिंह चुनाव मैदान हैं जबकि कांग्रेस की तरफ से पूर्व प्रत्याशी तरुण भनोत प्रत्याशी हैं। सतना में भाजपा के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में हैं जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाह और बीएसपी के रत्नाकर चतुर्वेदी से है। बीएसपी ने भाजपा के बागी चतुर्वेदी को प्रत्याशी बनाया है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी में चुनाव मैदान में है जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के रविंद्र तोमर व बसपा के बलवीर दंडोतिया से है।

## मध्य प्रदेश

### भाजपा, कांग्रेस या खंडित जनादेश!

मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए ईवीएम में बंद उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला रविवार को खुल जाएगा। कई एग्जिट पोल ने दो मुख्य पार्टियों के बीच सीधे मुकाबले में मौजूदा भाजपा को कांग्रेस से आगे रखा है। राज्य में 17 नवंबर को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव हुए थे। राज्य में रिकॉर्ड 77.82% मतदान हुआ, जो 2018 के चुनावों की तुलना में 2.19% अधिक है। मतगणना रविवार सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच 52 जिला मुख्यालयों पर शुरू होगी। मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि ईवीएम से 77.15% मतदान दर्ज किया गया। यदि डाक मतपत्रों को जोड़ दिया जाए, तो मतदान% 77.82 हो जाता है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती के लिए कुल 692 टेबल लगाई गई हैं, जबकि ईवीएम रखने के लिए 4,369 टेबल लगाई गई हैं। इस बार 80 साल से अधिक उम्र के 51,259 नागरिकों और 12,093 शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं ने घर से मतदान किया। मतदान कार्य में लगे करीब 3.04 लाख कर्मियों ने डाक मतपत्रों के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

- इस बार राज्य में रिकॉर्ड 77.82 प्रतिशत मतदान हुआ
- 2018 के चुनावों की तुलना में 2.19 प्रतिशत अधिक वोट पड़े

### कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

मध्य प्रदेश में सीएम शिवराज सिंह के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस में पार्टी के प्रदेश कमलनाथ और वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की प्रतिष्ठा भी इन चुनावों में दांव पर है। यदि भाजपा जीती तो यह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, वहीं भाजपा के लिए भी अहम सफलता होगी। दूसरी ओर कांग्रेस जीती तो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पिछली बार भाजपा के हाथों अपनी सरकार गंवाने का हिसाब भी बराबर कर लेंगे।

## छत्तीसगढ़

### कांग्रेस रिपीट होगी या भाजपा छीन लेगी सत्ता!

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को मतों की गिनती होगी और प्रदेश में ज्यादातर सीटों पर सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। राज्य के सभी 33 जिलों, खासकर नक्सल प्रभावित जिलों में मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एग्जिट पोल में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर का अनुमान लगाया गया है। राज्य विधानसभा के 90 सीटों के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था। जिसमें राज्य के 76.31 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यह 2018 के विधानसभा चुनाव में दर्ज 76.88 प्रतिशत मतदान से कुछ कम है।

### 1,181 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला



राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव (दोनों कांग्रेस से) और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह (भाजपा) समेत कुल 1,181 उम्मीदवारों का फैसला रविवार को होगा। सीएम बघेल की पाटन सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है, जहां भाजपा ने मुख्यमंत्री के दूर के भतीजे और पार्टी सांसद विजय बघेल को मैदान में उतारा है। वहीं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी भी मैदान में हैं। अंबिकापुर सीट पर भाजपा ने टीएस सिंहदेव के खिलाफ नए चेहरे राजेश अग्रवाल को मैदान में उतारा है। राज्य में कांग्रेस के अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में ताम्रध्वज साहू (दुर्ग ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र), रवींद्र चौबे (साजा), कवासी लखमा (कोंटा), राज्य विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत (सक्ती) और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज (चित्रकोट) सहित नौ मंत्री शामिल हैं। वहीं भाजपा की ओर से रमन सिंह (राजनांदगांव), पार्टी के प्रदेश प्रमुख और सांसद अरुण साव (लोरमी निर्वाचन क्षेत्र), विपक्षी नेता नारायण चंदेल (जांजगीर-चांपा), केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह (भरतपुर-सोनहत), सांसद गोमती साय (पत्थलगांव) आदि प्रमुख उम्मीदवार हैं।

## तेलंगाना

### केसीआर रचेंगे इतिहास या कांग्रेस व भाजपा करेंगी नाम



हैदराबाद। तेलंगाना में कई एग्जिट पोल सत्तारूढ़ बीआरएस पर कांग्रेस की बढ़त का संकेत दिखा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत इन रुझानों से कितना मेल खाती है। तेलंगाना में 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान हुआ था। रविवार शाम तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि मतदाताओं ने आखिर मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव नीत शासन को लगातार तीसरी बार मौका दिया है या फिर कांग्रेस की 'छह गारंटियों' ने अपना जादू दिखाया है या भाजपा के पिछड़े वर्ग के नेता को मुख्यमंत्री बनाने का दांव सही बैठता है।

### कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें बीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव, उनके बेटे और सरकार में मंत्री के. टी. रामा राव, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवनाथ रेड्डी और भाजपा के लोकसभा सदस्य बंदी संजय कुमार, डी. अरविंद और सोयम बापू राव शामिल हैं।

**कौन कितनी सीटों पर मैदान में**

(कुल सीटें 119)

- बीआरएस---119
- कांग्रेस --118
- भाजपा---111
- भाकपा --01
- जनसेना--8
- एआईएमआईएम---09

मतगणना

# चुनाव के नतीजों से तय होगा कई दिग्गज नेताओं का सियासी भविष्य!

एजेंसी | नई दिल्ली

रविवार को जब चार विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना संपन्न हो जाएगी तो उनके नतीजे न केवल देश के राजनीतिक परिदृश्य बल्कि राज्यों के कई कद्दावर क्षत्रपों, खासकर भाजपा नेताओं के लिए एक निर्णायक मोड़ ला सकते हैं। दशकों तक इन नेताओं के इर्द-गिर्द संबंधित राज्य की राजनीति घूमती रही है।

भाजपा नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए विशेष रूप से दांव बहुत बड़ा है, जो कांग्रेस और उनकी स्वयं की पार्टी के भीतर से उन्हें नेता को तौर पर विस्थापित किए जाने को लेकर मिल रही चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।



शिवराज हालांकि अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जता रहे हैं। भाजपा ने इस बार शिवराज का नाम मुख्यमंत्री पद के चेहरे के तौर पर आगे नहीं बढ़ाया और पार्टी में सामूहिक नेतृत्व का संदेश देने के लिए केंद्रीय मंत्रियों समेत कई क्षेत्रीय दिग्गजों को चुनाव लड़वाया। शिवराज ने हालांकि मतदाताओं के साथ 'मामा' के तौर पर भावनात्मक संबंध जोड़ने के लिए व्यापक अभियान भी चलाया जिससे प्रदेश की राजनीति में उनकी प्रधानता कायम रहे। भाजपा का प्रदर्शन तय करेगा कि पार्टी के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान मजबूती से वापसी करेंगे या उन्हें अनिश्चित (राजनीतिक) भविष्य से जूझना होगा।

मध्यप्रदेश में 2018 के चुनावों के बाद कमलनाथ के नेतृत्व में करीब 15 महीनों तक रही कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को छोड़ दें तो वह (शिवराज) 2005 से ही सत्ता पर काबिज हैं।

### कई केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों पर भी पड़ेगा असर

केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद सिंह पटेल और 18 अन्य सांसदों सहित भाजपा के कई क्षत्रपों का सियासी भविष्य इस बात से प्रभावित होगा कि उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों के साथ ही जिन विधानसभा सीटों पर वे चुनाव लड़ रहे हैं वहां पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहा, खासकर तब जब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। भाजपा के सात-सात सांसद मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि चार छत्तीसगढ़ में और तीन तेलंगाना में चुनाव लड़ रहे हैं।

### सिंधिया के लिए बहुत कुछ लगा है दांव पर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए भी बहुत कुछ दांव पर है, क्योंकि नतीजे भाजपा में शामिल होने के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति को प्रतिबिंबित करेंगे, खासकर चंबल-ग्वालियर क्षेत्र में। भाजपा को इस क्षेत्र में 2018 के चुनावों में गंभीर उलटफेर का सामना करना पड़ा था ऐसे में वह कांग्रेस की बाजी पलटने की कोशिश कर रही है। सिंधिया उस वक्त कांग्रेस में थे।

### रमन सिंह के सियासी भाग्य पर लगी हैं नजरें

नतीजे आने के बाद छत्तीसगढ़ में राजनीतिक पर्यवेक्षकों की नजर 2003-18 के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह के भाग्य पर रहेगी। पांच साल पहले सत्ता गंवाने के बाद रमन सिंह का राजनीतिक रसूख भी घट गया क्योंकि भाजपा राज्य में नेतृत्व की एक नई पौध को बढ़ावा देने पर विचार कर रही थी। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा इस बार के राज्य विधानसभा चुनाव में रमन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्व सरकार के प्रदर्शन की लगातार प्रशंसा ने उनकी उम्मीदों को बढ़ा दिया है।

## जरूरी खबर

### दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े परिसरों पर ED के छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने वन विभाग में घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पंजाब के दो पूर्व वन मंत्रियों एवं कांग्रेस नेताओं साधु सिंह धर्मसोत और संगत सिंह गिलजियां तथा अन्य से जुड़े परिसरों में छापे मारे और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच राज्य वन विभाग में पेड़ों की कटाई के वास्ते मंजूरी देने और विभाग में तबादले-पदस्थापना के लिए रिश्वत लेने तथा कुछ अन्य आरोपों से संबंधित है। ईडी ने कहा कि 30 नवंबर को धर्मसोत, गिलजियां, उनके सहयोगियों, वन विभाग के अधिकारियों और कुछ अन्य व्यक्तियों के पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में स्थित आवासीय परिसरों में छापेमारी की गई।

### बिहार में गंगा के आसपास और निर्माण न हो: SC



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि गंगा नदी से सटे क्षेत्रों खासकर पटना और उसके आसपास कोई और निर्माण न हो। न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य सरकार को पटना में गंगा नदी के डूबक्षेत्र में निर्मित अवैध संरचनाओं को हटाने के बारे में एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, बिहार सरकार के वकील ने जानकारी दी है कि सरकार ने पटना और उसके आसपास गंगा नदी से सटे 213 अनधिकृत निर्माण की पहचान की है और इन अतिक्रमणों/निर्माणों को हटाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

### यूएन खाद्य निकाय समिति का सदस्य बना भारत

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाई गई अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानक-निर्धारण निकाय, सीएसी की कार्यकारी समिति में एशियाई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया है। भारत को कार्यकारी समिति में रोम में हुई एक बैठक में चुना गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी समिति सीएसी की एक महत्वपूर्ण शाखा है और सदस्य देशों को इसकी सदस्यता प्राप्त करने में काफी रुचि है। उसने कहा कि इस क्षमता में, भारत को न केवल विभिन्न खाद्य उत्पाद श्रेणियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक निर्धारण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने का अवसर मिलेगा, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी शामिल किया जाएगा।

## हिमाचल के लाहौल और स्पीति में बर्फबारी



*लाहौल और स्पीति। हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में इन दिनों बर्फबारी हो रही है। जनजातीय लाहौल-स्पीति जिले के कई इलाकों ताजा हिमपात की खबर है। इसके बाद लाहौल के कई इलाके बर्फ की सफेद चादर से ढक गए हैं। स्पीति के शूलिंग गांव में बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क से गुजरते पैदल यात्री।* **फोटो पीटीआई**

### एयरपोर्ट के प्रथम चरण का कार्य 15 तक होगा पूरा



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को यहां निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्रियों ने हवाई अडडे के निर्माण से जुड़े प्रस्तुतिकरण को भी देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में बहुत छोटी सी एयरस्ट्रिप थी, जिसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में तैयार किया गया है।

**संसद का शीतकालीन सत्र: सर्वदलीय बैठक में कई मुद्दे उठे**

# महुआ मोइत्रा मामले में रिपोर्ट पर चर्चा चाहता है विपक्ष

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा से टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा का आसन्न निष्कासन, आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयक और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक प्रस्तावित कानून जैसे मुद्दे छाए रहने की उम्मीद है। वहीं, सरकार ने विपक्ष से सदन में चर्चा के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ज्ञात रहे कि सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के लिए 19 विधेयक और दो वित्तीय एजेंडा सूचीबद्ध किए हैं। शीतकालीन सत्र के सिलसिले में शनिवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें, टीएमसी नेताओं ने मोइत्रा को सदन से निष्कासित करने का कोई भी निर्णय लेने से पहले लोकसभा में चर्चा कराने की मांग की।



**ये नेता मौजूद थे बैठक में**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, टीएमसी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ'ब्रायन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता फौजिया खान समेत अन्य नेता शामिल हुए। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू होगा और यह 22 दिसंबर तक चलेगा। रविवार को चार राज्यों - राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना-विधानसभा चुनावों के नतीजों का असर संसद के शीतकालीन सत्र पर भी पड़ने की उम्मीद है।

**अधीर रंजन चौधरी का बिरला को पत्र**

## मोइत्रा का निष्कासन... होगी अत्यंत गंभीर सजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर धन लेकर प्रश्न पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के निष्कासन की आचार समिति की सिफारिश को 'अत्यंत गंभीर दंड' करार दिया है। बिरला को लिखे पत्र में चौधरी ने नियमों तथा संसदीय समितियों के कामकाज पर पुनर्विचार की मांग भी की है।

### अनैतिक आचरण स्पष्ट परिभाष नहीं

अधीर रंजन ने कहा कि अनैतिक आचरण की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है और प्रक्रिया नियमावली के नियम 316बी के तहत परिकल्पित 'आचार संहिता' तैयार की जानी बाकी है।

पत्र में कहा कि विशेषाधिकार समिति और आचार समिति के लिए उल्लेखित भूमिकाओं में कोई स्पष्ट सीमांकन नहीं है।

**रेप केस में बुजुर्ग व उसका बेटा आरोपी**

## महिला पर दुष्कर्म का मामला दर्ज करने पर SC करेगा विचार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट इस सवाल पर विचार करने पर सहमत हो गया कि क्या किसी महिला पर बलात्कार का मामला दर्ज किया जा सकता है?

एक बुजुर्ग महिला ने बलात्कार के मामले में अग्रिम जमानत याचिका के लिए शीर्ष न्यायालय का रुख किया है। इस मामले में उसका बेटा भी आरोपी है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से 61 वर्षीय महिला की याचिका पर जवाब देने को कहा है, जिसे उसकी पुत्रवधू द्वारा दर्ज कराए गए मामले में नामजद किया गया है। इस मुद्दे की समीक्षा के लिए सहमत होते हुए, जस्टिस हृषिकेश रॉय और न्यायाधीश संजय करोल की पीठ ने महिला को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया और उसे जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है। चार सप्ताह में इसका जवाब दिया जाना चाहिए। इस बीच, याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी से संरक्षण दिया जाता है। लेकिन उनसे अपराध की जांच में सहयोग की उम्मीद की जाती है। शिकायतकर्ता शुरू में महिला के अमेरिका में रह रहे बड़े बेटे के साथ संपर्क में थी, लेकिन वे कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं मिले थे। बुजुर्ग महिला के पति का निधन हो चुका है। प्राथमिकी में कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने एक वर्चुअल तरीके से आयोजित विवाह समारोह में महिला के बेटे के साथ विवाह कर लिया और इसके बाद महिला के साथ रहना शुरू कर दिया। जब दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया, तो एक समझौता हुआ और महिला ने शिकायतकर्ता को अपने बड़े बेटे के साथ शादी खत्म करने के लिए 11 लाख रुपए दिए। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई।

**आदित्य एल-1 के विंड पार्टिकल ने किया काम शुरू**

## सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड ने काम करना शुरू किया

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारत के आदित्य-एल1 उपग्रह में लगे पेलोड 'आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट' ने काम करना शुरू कर दिया है और यह सामान्य रूप से काम कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसरो ने दो सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था। इसरो के अनुसार, 'आदित्य-एल1' सूर्य



का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है। यह पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास एक प्रभामंडल से सूर्य का अध्ययन कर रही है। इसरो ने कहा कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) में दो अत्याधुनिक उपकरण सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर (एसडब्ल्यूआईएस) और सुप्राथर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) शामिल हैं। एसटीईपीएस उपकरण 10 सितंबर, 2023 को शुरू किया गया। एसडब्ल्यूआईएस उपकरण दो नवंबर, 2023 को सक्रिय हुआ था और इसने बेहतरीन प्रदर्शन किया हैउपकरण ने सौर पवन आयन, मुख्य रूप से प्रोटॉन और अल्फा कणों को सफलतापूर्वक मापा है।

### एएसजी बलबीर सिंह ने दिया पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बलबीर सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह तीन साल से अधिक समय तक केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इस साल जुलाई में, सिंह को विक्रमजीत बनर्जी, के एम नटराज, एस वी राजू, एन वेंकटरमण और ऐश्वर्या भाटी के साथ एएसजी के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था। जनरल बलबीर सिंह को शुरुआत में 30 जून, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए एएसजी के रूप में नियुक्त किया गया था।

## पासिंग आउट परेड में अग्निवीरों का जोश



*बेलगावी। बेलगावी जिले के एयरमेन ट्रेनिंग स्कूल में पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु।*

**दीक्षांत समारोह: राष्ट्रपति ने 'डीपफेक' पर जताई चिंता**

# प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग समाज के लिए खतरनाक: मुर्मू

**एजेंसी** | नागपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जहां एक ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल लोगों के जीवन को सुगम बना रहा है, तो वहीं 'डीपफेक' बनाने के वास्ते इसका दुरुपयोग समाज के लिए खतरा पैदा करता है। मुर्मू ने यह भी कहा कि लड़कियों की शिक्षा में निवेश देश की प्रगति में बेशकीमती निवेश है।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के 111वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब हर युवा प्रौद्योगिकी को समझता भी है और



उसका इस्तेमाल भी करता है। किसी भी संसाधन का सदुपयोग भी हो सकता है और दुरुपयोग भी।

यही बात प्रौद्योगिकी के साथ भी सच है। यदि इसका सही इस्तेमाल किया जाए तो इससे समाज और देश को फायदा होगा, लेकिन अगर इसका दुरुपयोग हुआ, तो इसका असर मानवता पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल हमारे जीवन को सुगम बना रहा है, लेकिन डीपफेक के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल समाज के लिए खतरा है। इस संबंध में नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा हमें रास्ता दिखा सकती है।

### क्या है डीपफेक'

'डीपफेक' तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का इस्तेमाल करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है।

### आधे से अधिक डिग्रीधारी लड़कियां

मुर्मू ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में आधे से अधिक डिग्री धारक लड़कियां हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि लड़कियों की शिक्षा में निवेश देश की प्रगति में सबसे मूल्यवान निवेश है।

### लगातार सीखने की जरूरत

राष्ट्रपति ने कहा कि आज प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों को देखते हुए लगातार सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सदैव जिज्ञासु रहना चाहिए और जीवन भर सीखने का प्रयास करना चाहिए। मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य भारतीय लोकाचार और मूल्यों वाली एक शिक्षा नीति विकसित करना है।

### कुशल मानव संसाधन के लिए विवि अहम

इस मौके पर मौजूद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि विश्वविद्यालय देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कुशल मानव संसाधन तैयार करने में विश्वविद्यालयों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

**ईडी ने दायर किया आरोप पत्र**

## संजय सिंह के आवास पर पहुंचाए दो करोड़ नकद

**एजेंसी** | नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक स्थानीय अदालत में आरोपपत्र दायर किया।

यह इस मामले में पूरक आरोप पत्र है क्योंकि एजेंसी पहले ऐसी लगभग पांच अभियोजन शिकायतें दायर कर चुकी है। धनशोधन रोधी एजेंसी ने आरोप लगाया था कि आरोपी कारोबारी दिनेश अरोड़ा ने राज्यसभा सदस्य के आवास पर दो किस्तों में दो करोड़ रुपए नकद पहुंचाए थे। सिंह ने इस दावे का खंडन किया है। ईडी के अनुसार, जांच में पता चला है कि अरोड़ा ने सिंह के घर पर दो मौकों पर दो करोड़ रुपए नकद पहुंचाए थे। अगस्त 2021 से अप्रैल 2022 के बीच यह नकदी पहुंचाई गई।

‘वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे’ की पूर्व संध्या पर जागरूकता सप्ताह में लगा मेला

# स्पेशल बच्चों ने जयपुराइट्स को किया जागरूक, उठाई बड़ों की आवाज

बेधड़क | जयपुर

मेरी क्षमताओं को जानो। भले हू डिसएबल, लेकिन जॉब के लिए हूं एबल। रोजगार में समान व्यवहार। ये कुछ ऐसे स्लोगंस थे, जो बच्चों ने दिव्यांगों लिए हाथों में लेकर दर्शाए। ये भले ही अभी स्कूल में हो, लेकिन उनके हौसले बड़ों से कम नहीं थे। साथ ही उन्होंने कई एक्टिविटीज में हिस्सा लेते हुए हुनर भी दर्शाया। ये अनूठा नजारा और गुहार थी विश्व दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर उमंग के स्टूडेंट्स की। इस दौरान माता-पिता और स्टाफ की ओर से जयपुर के जीटी सेंट्रल मॉल में जागरूकता मेले का आयोजन किया गया।







## कैंपस में पहुंचे युवा

जागरूकता सप्ताह में उमंग ने शहर के जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल, रुक्मणी बिड़ला हाई सेकंडरी स्कूल और कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल जैसे कई स्कूलों में जागरूकता मेले आयोजित किए। इस दौरान अन्य स्कूलों के स्टूडेंट्स न केवल खेलों बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि खेलते, बातचीत करते और नए दोस्त बनाते हुए समय बिताया। मेले के लिए स्कूलों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। हालांकि सबसे अच्छी प्रतिक्रिया स्टूडेंट्स से मिली, जो अब यह समझते हैं कि दिव्यांग व्यक्तियों को कैसे सपोर्ट और प्रोत्साहित किया जाए। एक टीम के रूप में कैसे उनके साथ मिलकर काम किया जाना चाहिए। यह जागरूकता मेला न केवल अवेयर करने के लिए, बल्कि उन्हें संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।







## फ्लैश मॉब परफॉर्मेंस से किया आकर्षित

युवाओं ने फ्लैश मॉब परफॉर्मेंस के माध्यम से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों ने दिव्यांगों के अधिकारों और समावेशिता पर लिखे संदेश की तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। बच्चों के संदेशों ने निश्चित रूप से लोगों का ध्यान खींचा। लोगों ने प्रस्तुति देखी और उनकी सराहना की।

## हर बच्चे में दिखी सीखने की ललक

उमंग निदेशक दीपक कालरा ने कहा कि हर बच्चे में नई चीजें सीखने, खेलने, प्यार और देखभाल पाने, सुरक्षित महसूस करने और दोस्त बनाने की जिज्ञासा होती है। फिर वह बच्चा कोई भी हो। हर बच्चे की बिल्कुल समान आशाएं और इच्छाएं हैं। ऐसे में उमंग के बच्चों और स्टॉफ से इस दिन को जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाकर लोगों को मैसेज दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से बच्चों और युवाओं तक पहुंचने और उन्हें जागरूक करने के उदेश्य से दिव्यांग दिवस जागरूकता मेलों का आयोजन किया गया। इसके लिए उमंग के स्टॉफ ने विभिन्न डिसेबिलिटीज और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों से संबंधित ज्ञानवर्धक गेम्स तैयार किए। इन गेम्स के साथ दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और ज्ञान फैलाने वाले पोस्टर थे।

## मानसरोवर में भी रोबोट सर्जरी



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स को शहर में नई तकनीक युक्त 150 बेडेड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सुविधा मिलेगी। क्योंकि जयपुर में सुवीरा हॉस्पिटल की शुरुआत होगी। शुभारंभ समारोह में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व आरयूएचएस वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी शामिल होंगे। मानसरोवर के शिप्रा पथ में स्थित अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक, उपकरणों के साथ उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा मिलेगी तो हर उम्र के लोगों को फायदा होगा। साथ ही 24 घंटे इमरजेंसी के साथ हृदय रोग, ऑर्थोपैडिक, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रो, जनरल व लेप्रोस्कोपिक, क्रिटिकल केयर, जनरल मेडिसिन के साथ रोबोट सर्जरी खास होगी।

## एसकेआईटी बना सेंटर

**बेधड़क. जयपुर।** ओपन इनोवेशन मॉडल स्मार्ट इंडिया हैकथोन के छठे संस्करण के लिए देश भर से 47 नोडल सेंटर में स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन को सेंटर चुना गया। सेंटर पर गवर्मेंट ऑफ केरला व गवर्मेंट ऑफ झारखंड द्वारा दी गई प्रोब्लम स्टेटमेंट को हल करने के लिए फाइनलिस्ट हिस्सा लेंगे। एसकेआईटी डायरेक्टर जयपाल मील ने बताया कि हैकाथोन 19 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

## भावों से आत्म कल्याण संभव



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में आचार्य वसुनंदी के शिष्य मुनि त्रय सर्वानंद, जिनानंद व पुण्या नंद के चल रहे प्रवास में धर्म सभा में मुनि जिना नंद ने कहा कि स्वयं की इच्छा से ही आत्म कल्याण संभव है। किसी भी कार्य के लिए आपकी इच्छा भाव होना आवश्यक है। चाहे वह भूख हो या प्यास और नींद। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार सभा में दीप प्रज्वलन व अर्थ पूर्ण मंगलाचरण डॉ. इंद्र कुमार जैन ने किया।

## एसकेआईटी बना सेंटर

**बेधड़क. जयपुर।** ओपन इनोवेशन मॉडल स्मार्ट इंडिया हैकथोन के छठे संस्करण के लिए देश भर से 47 नोडल सेंटर में स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन को सेंटर चुना गया। सेंटर पर गवर्मेंट ऑफ केरला व गवर्मेंट ऑफ झारखंड द्वारा दी गई प्रोब्लम स्टेटमेंट को हल करने के लिए फाइनलिस्ट हिस्सा लेंगे। एसकेआईटी डायरेक्टर जयपाल मील ने बताया कि हैकाथोन 19 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

## ‘मिशन पॉसिबल-2023 संपन्न



**बेधड़क. जयपुर।** स्टूडेंट्स को स्ट्रेस फ्री व मोटिवेट करने के लिए परिष्कार कॉलेज में ‘मिशन पॉसिबल-2023 कर हर मैदान फतह’ फेस्ट का आयोजन किया गया। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. राघव प्रकाश व प्रिंसिपल डॉ. सविता पाईवाल ने स्टूडेंट्स को एग्जाम क्रेक करने, कॅरियर सेलेक्ट करने व स्ट्रेस फ्री रहने के टिप्स दिए। को-ओर्डिनेटर डॉ. गिरिराज शर्मा ने बताया कि फेस्ट में जयपुर के विभिन्न स्कूल्स के 2000 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया।

# City इवेंट्स

## ‘सृजन-धरा से नक्षत्र तक’ में युवा हुए मोटिवेट



**बेधड़क, जयपुर।** सृजन का मूलाधार नारी है और नारी के योगदान के बिना सृजन असंभव है। इसी भाव को आधार बनाकर कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने शिरकत की। मौका था एमजीपीएस के वार्षिकोत्सव ‘सृजन-धरा से नक्षत्र तक’ का। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चेतन कुमार जैन थे, जबकि विशिष्ट अतिथि पवन अरोड़ा रहे। वहीं केदारमल भाला, बजरंग लाल बाहेती, मधुसूदन बिहाणी, घनश्याम कचोलिया, अनिल कुमार शारदा, आशीष जाखोटिया, मनोज मूंदड़ा, डॉ. सुनीता आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में वार्षिक पत्रिका ‘अपेक्षा’ का विमोचन किया और वार्षिक पारितोषिक वितरण हुआ।

## स्टेंडर्ड्स ऑफ ऑडिटिंग के दिए टिप्स



**बेधड़क, जयपुर।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर ब्रांच की ओर से सदस्यों के लिए कोड ऑफ एथिक्स और स्टैंडर्ड्स ऑफ ऑडिटिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि सेमिनार में कई विशेषज्ञों ने चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोड ऑफ एथिक्स और मानक लेखा परीक्षण की महत्वपूर्णता पर जागरूकता बढ़ाना और उच्चतम मानकों की सुनिश्चितता में सुधार करना था।

## एजुकेशन थ्रू मॉन्यूमेंट्स थीम पर होगा JHF

**बेधड़क, जयपुर। जयपुराइट्स जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल (जेएचएफ) में 4 दिनों तक एजुकेशन थ्रू मॉन्यूमेंट्स को समझेंगे। इसके लिए महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की शिक्षा ब्रांच 5 से 8 दिसंबर तक सिटी पैलेस में फेस्टिवल का आयोजन करेगी। फेस्टिवल की शुरुआत रोजाना सुबह 8:30 से प्रार्थना से होगी और फिर 10:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक एग्जीबिशन और क्राफ्ट वर्कशॉप्स में एक्सपर्ट शामिल होंगे। गौरतलब है 2022 की थीम ‘फड़ से पढ़’ की सफलता के बाद इस वर्ष फेस्टिवल ‘एजुकेशन थ्रू मॉन्यूमेंट्स’ पर आधारित होगा।** गंगा आरती, मॉन्यूमेंट फैशन शो, रॉकेट लॉन्च और 50 स्कूलों द्वारा मॉन्यूमेंट प्रजेंटेशन विशेष होंगे। इसके अलावा फड़ से पढ़, कॉफी टेबल बुक, श्रीअन्ना मिलेट्स बुक, चाय पे क्रोसौं, ग्राफिक नॉवेल, आजादी के 75 वर्ष पुस्तिका, सड़क सुरक्षा पर ग्राफिक नॉवेल (11), इसरो ग्राफिक नॉवेल और अंग दान ग्राफिक नॉवेल का विमोचन किया जाएगा।

कार्यक्रम का सीएस और डीजीपी ने किया उद्घाटन

# इंटरनेशनल डेंटल समिट व जयपुर डेंटल शो का शुभारंभ




बेधड़क | जयपुर

जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में इंटरनेशनल डेंटल समिट व जयपुर डेंटल शो का शुभारंभ हुआ। राजस्थान आईडीए के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने बताया कि इंटरनेशनल समिट का उद्घाटन मुख्य सचिव उषा शर्मा ने किया। उन्होंने मनुष्य के लिए दांतों की उचित देखभाल के लिए समाज में अवेयरनेस के लिए दंत चिकित्सकों का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ दांत स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक हैं आईडीए के सचिव डॉ. जेएस वालिया ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अथिति आईडीए के मानद सचिव डॉ. अशोक दोबले ने आईडीए के वर्ष पर्यंत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्य वरिष्ठ अतिथि राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. विकास जेफ ने बताया कि काउंसिल और आईडीए दोनों जनता के मुख स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रहे हैं। आईडीए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि जयपुर डेंटल शो का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने किया। उन्होंने ट्रेड फेयर में लगी स्टाल्स का अवलोकन किया और दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम प्रयोग किए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से दंत चिकित्सक नवीनतम जानकारी प्राप्तकर समाज के बैटर हेल्थ के लिए कार्य कर सकेंगे। जयपुर डेंटल शो के उद्घाटन सत्र पर आईडीए हेड ऑफिस के अध्यक्ष डॉ. राजीव चुग व आगामी वर्ष के अध्यक्ष डॉ रविंद्रनाथ भी उपस्थित रहे। साइंटिफिक सेशन में अमेरिका के डॉ. चाद गेहानी, मुंबई के डॉ. मोयेज काकियानी सहित देश विदेश के प्रख्यात स्पीकर्स ने व्याख्यान दिया। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. राजकुमार पुरोहित ने बताया कि इसमें करीब 2000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## JKK में ‘स्प्लेश 2023’ का आयोजन 8 से



**जयपुर।** गुलाबी नगर के कला फलक पर रंगों की बेचैन हलचल कला प्रेमियों के दिलों-दिमाग को रोशन करेगी। क्योंकि भारत के विभिन्न शहरों के 50 से अधिक कलाकार जयपुर के प्लेटफॉर्म पर आएंगे। ये मौका होगा मुंबई के युवा 23 वर्षीय आर्किटेक्ट व आर्ट प्रमोटर मितुल अग्रवाल के संयोजन में आयोजित होने वाली पेंटिंग एग्जीबिशन ‘स्प्लेश-2023’ का। इस दौरान एग्जीबिशन के अलावा कई कलात्मक आयोजन होंगे। एग्जीबिशन 8 से 10 दिसंबर तक जेकेके की आर्ट गैलरी में आयोजित की जाएगी। उद्घाटन देश के जाने-माने चित्रकार डॉ. विद्यासागर उपाध्याय करेंगे। पहले दिन ‘आर्ट टॉक विद चीफ गेस्ट’ और एग्जिबिशन का ‘वीआईपी रिव्यु’ कार्यक्रम होगा।

आयोजन | मणिपाल के 10वें दीक्षांत समारोह में 2 हजार 166 को डिग्री

# गोल्ड मेडल मिला तो खुशी से चमक उठीं युवाओं की आंखें

बेधड़क | जयपुर

सालों तक मेहनत करने के बाद जब गोल्ड मेडल पहनाया गया तो आंखें खुशी से चमक उठीं। सामने बैठे साथी उत्साहित और रोमांचित नजर आए। खुशी और उत्साह का ये नजारा जयपुर में युवा मन में देखने को मिला, जब मणिपाल यूनिवर्सिटी में 10वां कॉन्वोकेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

समारोह में 2022-2023 बैच के 2166 स्नातकों को डिग्री से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवाओं को मोटिवेट किया। दीक्षांत समारोह में इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य, मानविकी, पत्रकारिता एवं जनसंचार और कई अन्य अकादमिक विषय क्षेत्रों के 1770 स्नातक, 396 स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को डिग्री दी गई।




## 58 मेधावी स्टूडेंट्स को मिला गोल्ड

इस दौरान 58 मेधावी स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। गौरतलब है खेल के क्षेत्र में नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले 9 विद्यार्थियों को मानपत्र के साथ लगभग 15 लाख रुपए पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमिक पद संचालन के साथ हुआ। इसमें राज्यपाल के साथ विश्वविद्यालय प्रेसिडेंट प्रो. जी. के. प्रभु, प्रो-प्रेसिडेंट प्रो. जवाहर मल जांगिड़, कुलसचिव प्रो. नीतू भटनागर, समस्त संकाय अध्यक्ष, निदेशक व परीक्षा नियंत्रक प्रो. दासरी नागराजु शामिल थे। प्रो. प्रभु ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मिश्र ने कहा कि शिक्षा और सीखने की प्रक्रिया सतत चलती रहनी चाहिए। क्योंकि शिक्षा व ज्ञान का कोई अंत नहीं है। शिक्षा वही सार्थक है, जो व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करे और मनुष्य बनने में सहयोग करे। अपने ज्ञान और कौशल के जरिए समाज और देश की उन्नति में योगदान दें।



तनाव से केवल समस्या ही जन्म ले सकती है,
समाधान ढूंढना है तो मुस्कुराना ही पड़ेगा।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### म्यूनिख में भारी बर्फबारी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

# 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द





## रेलवे ट्रैक पर जमीं बर्फ की चादर, कई ट्रेनें रद्द

**म्यूनिख।** जर्मनी के म्यूनिख शहर में हो रही भारी बर्फबारी की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और कई सारी उड़ानें भी रद्द हो गईं। बता दें कि म्यूनिख एयरपोर्ट ने सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शनिवार के लिए निर्धारित 760 उड़ानों में से अब तक लगभग 320 रद्द कर दी गई हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानियां हो रही हैं। म्यूनिख एयरपोर्ट ने एक बयान जारी कर उड़ानों के रद्द होने की जानकारी दी। बर्फबारी की वजह से लंबी दूरी की ट्रेनें भी रद्द कर दी गई हैं। बकौल एजेंसी, म्यूनिख के केंद्रीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें नहीं पहुंच सकी हैं। माना जा रहा है कि दिनभर ऐसी ही स्थिति रह सकती है। जिसकी वजह से यात्रियों को दोबारा ट्रिप को बुक कराने की सलाह दी गई।



### बर्फ से ढके घर और वाहन

म्यूनिख शहर में हो रही भारी बर्फबारी की वजह से घरों पर बर्फ की मोटी चादर जम गई है। वहीं वाहनों का भी यही हाल है। बर्फबारी ने लोगों को घरों में कैद होने को मजबूर कर दया है। सड़कों से लगातार बर्फ हटाने का कार्य जारी है। रेलवे लाइनों पर भी बर्फ जम गई है। शहर के हालात ये हैं कि आवाजाही ना के बराबर है।



### COP28 शिखर सम्मेलन में पहुंचे दुनियाभर के राष्ट्र अध्यक्ष

# इजराइल में टू-स्टेट फॉर्मूले पर जोर, भारत ने रखा स्टैंड

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग

**एजेंसी** | आबूधाबी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुबई में आयोजित कॉप 28 विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में कई देशों के के राष्ट्रपति और अन्य नेताओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान इजराइल के राष्ट्रपति से भी मले। हमास के साथ युद्ध के बाद से यह पहली बार था जब प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइली राष्ट्रपति इसाक हरजोग से मुलाकात की। पीएम क्लाइमेट चेंज पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने दुबई पहुंचे थे। उन्होंने मुलाकात में टू-स्टेट फॉर्मूले पर जोर दिया। उन्होंने गाजा को लगातार मानवीय मदद भेजने की अपील की है। इजराइली राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को गाजा के ताजा अपडेट के बारे में बताया।



### पीएम मोदी ने इन नेताओं से की मुलाकात

पीएम मोदी ने कोप-28 के दौरान इजराइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्ज़ोग, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, जॉर्डन के शासक अब्दुल्ला द्वितीय, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। बता दें कि उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर, तुर्की के राष्ट्रपति आर टी एर्दोआन, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटली, गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली आदि नेताओं से भी मुलाकात की।



### इटली की पीएम के साथ सेल्फी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अपनी एक सेल्फी पोस्ट की है। मेलोनी ने शिखर सम्मेलन के दौरान यह सेल्फी ली है। इटली की पीएम मेलोनी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सितंबर में भारत भी आई थीं। उन्होंने अपनी पोस्ट में मेलोडी हैशटैग के साथ लिखा, "COP28 में अच्छे दोस्त...।

## पीटीआई के अध्यक्ष चुने गए बैरिस्टर गोहर अली

**इस्लामाबाद।** बैरिस्टर गोहर अली खान, पाकिस्तान की तहरीक ए इंसाफ पार्टी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। बता दें कि अब तक पीटीआई के अध्यक्ष के पद पर पूर्व पीएम इमरान खान काबिज थे लेकिन फिलहाल वह जेल में बंद हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर गोहर को इमरान खान ने ही अध्यक्ष पद के लिए नामित किया था। पार्टी का अध्यक्ष चुने जाने के बाद मीडिया से बात करते हुए बैरिस्टर गोहर ने कहा कि वह बतौर इमरान खान के प्रतिनिधि अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। ओमर अयूब खान को पार्टी का महासचिव चुना गया है। वहीं बलूचिस्तान में पीटीआई अध्यक्ष के तौर पर मुनीर अहमद बलोच की नियुक्ति हुई है। सिंध में हलीम आदिल शेख, खैबर पख्तूनख्वा में अली अमीन गंदापुर और पंजाब में यासमीन राशिद को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है।



### निजी कंपनी का लैंडर मून पर भेजेगा नासा

# चांद की स्टडी करेगा लैंडर 'पेरेग्रिन'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा चांद पर जल्द ही लैंडर "पेरेग्रिन' भेजेगा, जो चांद के पर्यावरण की स्टडी करेगा। "पेरेग्रिन' एक निजी कंपनी का लैंडर है जिसे नासा चांद पर भेजने की तैयारी कर रहा है। 1972 में अपोलो-17 मिशन चांद पर अमेरिका का आखिरी मिशन था। इसके बाद उसने चांद की सतह पर न तो यंत्र भेजे और न ही इंसान, लेकिन अगले महीने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा चांद की सतह पर एक लैंडर उतारने जा रही है। इस लैंडर को 25 जनवरी को चांद की सतह पर उतारा जाएगा। अमेरिकी कंपनी एस्ट्रोबोटिक ने इस लैंडर को बनाया है। कंपनी के सीईओ जॉन थ्रॉन्टन कहते हैं कि पेरेग्रिन में नासा का यंत्र लगा है, जो चांद के पर्यावरण की स्टडी करेगा। ताकि अर्टेमिस मिशन में मदद हो। कुछ साल पहले नासा ने अमेरिकी कंपनियों को कमीशन किया था। ताकि चांद पर साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट और तकनीकों को पहुंचाया जा सके। इस प्रोग्राम का नाम था सीएलपीएस। इस प्रोग्राम के तहत निजी कंपनियों को फिक्स प्राइस पर कॉन्ट्रैक्ट्स दिए गए थे। ताकि चंद्रमा की अर्थव्यवस्था बन सके।



### आसान नहीं होगा ये मिशन

जॉन थ्रॉन्टन ने बताया कि हम धरती से लॉन्चिंग कर रहे हैं। हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। चांद की सतह पर उतरने के मकसद से किए गए मिशन में सिर्फ आधे ही सफल हो पाए हैं। इसके लिए वल्कन सेन्टॉर रॉकेट का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसे यूएलए इंडस्ट्रियल ग्रुप ने बनाया है। इसकी पहली लॉन्चिंग 24 दिसंबर को फ्लोरिडा से होगी। कुछ दिन बाद ही लैंडर चांद के ऑर्बिट में पहुंच जाएगा। इसके बाद 25 जनवरी को चांद की सतह पर लैंडर को उतारने का प्रयास किया जाएगा।

### तीन देशों की सफल लैंडिंग

बस एस्ट्रोबोटिक के कंट्रोल सेंटर से निगरानी की जाएगी। इससे पहले इस साल जापान की निजी कंपनी ने चांद पर अपना लैंडर उतारने का प्रयास किया था। लेकिन फेल हो गया था। 2019 में इजरायल भी ऐसे मिशन में फेल हो गया था। चांद की सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग सिर्फ भारत, अमेरिका, रूस और चीन ही कर पाए हैं।

### इजराइल और हमास के बीच फिर से जंग शुरू

# सीजफायर के बाद 178 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी** | तेल अवीव

सात दिन के सीजफायर के बाद इजराइल और हमास के बीच एक बार फिर से जंग शुरू हो गई है। इजराइली सेना की बमबारी में गाजा में अब तक 178 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। फिर से जंग शुरू करने को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 24 घंटे से भी कम समय में 178 फिलिस्तीनी मारे गए हैं जबकि 589 घायल हुए हैं। इजराइल ने शुक्रवार को गाजा पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा के कुछ इलाकों को खाली करने की चेतावनी दी है। इसके लिए उसने आसमान से ही पर्चे गिराए हैं। बता दें कि इजराइल और हमास के बीच 24 नवंबर से चार दिन के लिए युद्धविराम हुआ था। फिर बाद में इसे तीन दिन के लिए और बढ़ाया गया।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl